दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 262
कोटद्वार शनिवार
28 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## चारों धामों के कपाट खुलने की तिथि घोषित

**देहरादून** । उत्तराखंड में इस साल 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा का आगाज होगा। बदरी-केदार मंदिर समिति के अनुसार, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट अक्षया तृतीया के पावन पर्व पर 22 अप्रैल को खुलेंगे। पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल व सचिव श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति सुरेश सेमवाल ने बताया कि यमुना जयंती चौत्र शुक्ल की षष्ठी तिथि के दिन शुभ मुहूर्त व समय तय किया जाएगा। इसके साथ ही केदारनाथ मंदिर के कपाट 26 अप्रैल को खोले जाएंगे। वहीं, गुरुवार को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि भी घोषित की जा चुकी है। इस वर्ष बदरीनाथ के कपाट 27 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर खुलेंगे।

चारधाम यात्रा को लेकर पर्यटन विभाग ने पंजीकरण की तैयारी पूरी कर ली है। पंजीकरण के लिए विभाग ने वेबसाइट ृतमहपेजतंजपवदंदकजवनतपेज बंतमनाहवअपद को अपडेट किया है। इस वेबसाइट के माध्यम से चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री अपना पंजीकरण कर सकते हैं। जो श्रद्धालु अनलाइन पंजीकरण करने में असमर्थ हैं, उनके लिए ा षिकेश, बडकोट, पांडुकेश्वर समेत अन्य स्थानों पर पंजीकरण काउंटर खोले जाएंगे।

चारधामों में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को लाइन में खड़ा न होना पड़े। इसके लिए पहली बार पर्यटन विभाग की ओर से कतार प्रबंधन प्रणाली लागू किया जाएगा। इसके तहत धाम में पहुंचने पर श्रद्धालुओं को एक टोकन दिया जाएगा। जिसमें दर्शन के लिए समय निर्धारित होगा। टोकन प्राप्त करने के बाद श्रद्धालुओं को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।



### पिछले साल करीब 46 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे चारधाम

2022 में कोरोनाकाल के दो साल बाद बिना बंदिशों के चली चारधाम यात्रा ने पिछले साल नया रिकर्ड बनाया था। पहली बार चारों धामों में करीब 46 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। 19 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही चारधाम यात्रा का समापन हो गया था। बता दें कि पिछले वर्ष बदरीनाथ धाम में 17 लाख 60 हजार 646 श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं, रिकर्ड संख्या में गंगोत्री धाम में 624451 तीर्थ यात्री पहुंचे जबकि यमुनोत्री धाम में 485635 तीर्थ यात्री दर्शन के लिए पहुंचे। केदारनाथ यात्रा में रिकर्ड 15 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि यात्रा से 211 करोड़ का कारोबार हुआ था।

> चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के पंजीकरण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। चारधामों के कपाट खुलने की तिथि तय होने के बाद पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
> **सचिन कुर्वे, सचिव पर्यटन**

## गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार शामिल हुई बीएसएफ की महिला उंट सवार टुकड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर इस साल एक अनोखा नजारा दिखा जब पहली बार इतिहास में गणतंत्र दिवस की परेड में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के उंट सवारों की टुकड़ी में महिलाएं नजर आईं। 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस की परेड में बीएसएफ की उंट सवार टुकड़ी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

दरअसल पहली बार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की उंट सवार टुकड़ी में बल की महिला कर्मियों ने पुरुष जवानों के साथ भाग लिया। राजस्थान में प्रशिक्षित हुई और राजसी पोशाक पहने ये महिला टुकड़ी परेड में सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थी। बीएसएफ ने बताया कि प्रख्यात डिजाइनर राघवेंद्र राठौड़ ने इन महिला उंटसवारों की पोशाक तैयार की थी, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों की लोक संसति की झलक दिखाई दी।

बता दें कि इसी महिला टुकड़ी को राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा पर भी तैनात रहकर देश के दुश्मनों से लोहा लेने का जिम्मा सौंपा गया है।

## भाजपा विधायक चुफाल को मिली जान से मारने की धमकी, कहा- गाजर-मूली की तरह काट दूंगा

**पिथौरागढ़** । उत्तराखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री व डीडीहाट विधायक बिशन सिंह चुफाल को एसएमएस के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने कहा है कि श्वह उन्हें गाजर-मूली की तरह काट देगा या फिर इतनी अधिक टेंशन देगा कि उन्हें हार्ट अटैक आ जाएगा और मृत्यु हो जाएगी, तब जाकर कोई दूसरा व्यक्ति विधायक बन पाएगाश। धमकी देने वाले का नाम अनिल कापड़ी बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपी के खिलाफ धारा 323, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि इससे पहले भी आरोपी युवक ने चुफाल को धमकी दी थी और बाद में माफी मांग ली थी। इस संबंध में विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के अनिल कापड़ी की ओर से एसएमएस भेजकर उन्हें धमकी दी गई है।

## कार खाई में गिरी, दो कर्मचारियों की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** गुरूवार देर सांय पौड़ी-कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक वाहन गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में दो कर्मचारियों की मौत हो गई। जबकि अन्य दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पुलिस ने सभी का रेस्क्यू कर जिला अस्पताल पौड़ी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने दो कर्मचारियों को मृतक घोषित कर दिया।

पौड़ी-कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जखेठी-पिपलीपानी के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। घटना की सूचना आसपास के गांव के लोगों ने पुलिस को दी। सीओ सदर प्रेमलाल टम्टा एसडीआरएफ व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने गहरी खाई से सभी लोगों को 108 एम्बुलेंस के मदद से जिला अस्पताल पौड़ी पहुंचाया। सीओ प्रेमलाल टम्टा ने बताया कि वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग में जखेटी और पीपलपानी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुआ। बताया वाहन में चार लोग सवार थे। ये



सभी सतपुली से पौड़ी की ओर जा रहे थे। दुर्घटना में जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात लिपिक कुलदीप बिष्ट (42) पुत्र उमेद बिष्ट निवासी चुरड़ गांव कांसखेत व लिपिक विपिन भट्ट (40) पुत्र घनानंद भट्ट निवासी तहसील परिसर सतपुली की मौत हो गई है।

दुर्घटना में सतपुली तहसील में तैनात लिपिक आशीष नेगी (36) पुत्र प्रकाश नेगी निवासी गिदरासू पोस्ट अदवाणी व वाहन चालक कृष्णा बिष्ट (48) पुत्र ख्यात सिंह निवासी सीकू घंडियाल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## मोहन भागवत 5 दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे

**जयपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत 29 जनवरी तक पांच दिवसीय प्रवास पर जयपुर पहुंचे। गुरुवार को आरएसएस सरसंघचालक जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भाग लेंगे।

शुक्रवार को भागवत जयपुर जिले से विभाग स्तर के संघ कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

28 और 29 जनवरी को वे विभिन्न स्तरों पर संघ कार्यकर्ताओं की बैठकों में शामिल होंगे। इन बैठकों के दौरान संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर भी चर्चा होगी।

बैठकों में सामाजिक परिवर्तन के उद्देश्य से परिवार प्रबोधन, ग्राम विकास, गौ सेवा, सामाजिक समरसता और पर्यावरण जैसी गतिविधियों पर मंथन सत्र होंगे।

## गृह मंत्री शाह ने परीक्षा पे चर्चा की तारीफों के बांधे पुल, बोले- यह है मास्टर क्लास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पीएम मोदी की श्परीक्षा पे चर्चाश कार्यक्रम की सराहना की। गृह मंत्री ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सेल्फ मैनेजमेंट के लिए मास्टरक्लास बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के छठवें संस्करण के तहत छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य के साथ चर्चा की।

अमित शाह ने कहा कि बातचीत देश के युवाओं के दिमाग को समृद्ध करेगी और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि समय और तनाव प्रबंधन के समाधान और गैजेट पर निर्भरता को कम करना दक्षता बढ़ाने के नए मंत्र हैं।

बता दें कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम ने कहा, श्मेरी भी परीक्षा है और देश के कोटि-कोटि विद्यार्थी मेरी परीक्षा ले रहे हैं। मुझे ये परीक्षा देने में आनंद आता है।श उन्होंने कहा कि परिवारों को अपने बच्चों से उम्मीदें होना स्वाभाविक है, लेकिन अगर यह सिर्फ सामाजिक स्थिति बनाए रखने के लिए है, तो यह खतरनाक हो जाता है।पीएम मोदी ने सलाह देते हुए कहा कि समय प्रबंधन केवल परीक्षाओं के लिए ही नहीं, बल्कि आपके दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण है, बस अपने काम को प्राथमिकता दें। आप घर में अपनी मां को काम करते हुए देखिए, उनका टाइम मैनेजमेंट परफेक्ट होता है। आपको माइक्रो मैनेजमेंट करना है कि किस विषय को कितना टाइम देना है। पीएम मोदी ने कहा कि अगर आप अच्छा करेंगे तो भी हर कोई आप से नई अपेक्षा करेगा। चारों तरफ से दबाव होता है, लेकिन क्या हमें इस दबाव से दबना चाहिए?

## उमेश ने धोखेबाज कहकर इस्तीफा मांगा

### उपेंद्र कुशवाहा बोले–जेडीयू में दोनों बार उन्होंने बुलाया, नहीं छोड़ूंगा

**पटना, एजेंसी।** प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पत्रकारों से बातचीत में उपेंद्र कुशवाहा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी काफी मजबूत है। 75 लाख सदस्य बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहां से कंहा पहुंचा दिया, आज सवाल उठाते हैं। जब पार्टी का विलय कर दिया तो फिर एक संगठन के नाम पर कोई संगठन चलाने का क्या मतलब? जिस व्यक्ति ने लगातार नीतीश कुमार को धोखा दिया आज वो पार्टी हित की बात किस मुंह से कर रहे हैं, उन्हें कोई दिक्कत है तो त्याग पत्र दे दें।

उमेश कुशवाहा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने की बात करने वाले हिस्सेदारी मांग रहे हैं, उनको सोचना चाहिए कि मुख्यमंत्री ने उन्हें विरोधी दल का



नेता बनाया, राज्यसभा और विधान परिषद में भेजा, दल के संसदीय दल का नेता बनाया उनके बारे में ऐसी बात करते हैं, हमको तो ताज्जुब लगता है। जब से पार्टी में आए हैं, पार्टी को कमजोर करने का काम किया है।

इधर, जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि वे तीन बार नहीं, दो बार जदयू में शामिल हुए। दोनों बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुलाया। लेकिन, इस बार वे छोड़ कर नहीं जा रहे हैं। बर्बाद हो रही पार्टी को बचाने की कोशिश अंतिम सांस तक करेंगे। पार्टी में हमारा भी हिस्सा है। वे शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पहली बार नीतीश ने उन्हें 2009 में और दूसरी बार 2020 में बुलाया। विधानसभा में विपक्ष के तत्कालीन नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री पर निजी और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मुख्यमंत्री असहाय महसूस कर रहे थे। मैंने तेजस्वी के विरोध में ट्वीट किया। इसके बाद ही मुझे बुलाया गया। जदयू में शामिल होने और इसे मजबूत करने का आग्रह किया गया। हां, पार्टी में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से कभी फोन नहीं किया।

उपेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री से अंतिम बार आमने-सामने की बातचीत दिसंबर के अंतिम सप्ताह में हुई थी। उसमें मुख्यमंत्री ने मुझसे पूछा था- क्या आप भाजपा में जा रहे हैं? कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री गलत सलाहकारों से घिरे हैं। मूल समता पार्टी के 95 प्रतिशत लोग आज उपेक्षित हैं। जहां तक पार्टी में आने जाने वालों का प्रश्न है, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी उसी श्रेणी के हैं।

मुख्यमंत्री को 30 में से 29 दिन घेर कर रखने वाले सभी लोग दूसरी पार्टी से आए हुए हैं। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उपेंद्र कुशवाहा मीडिया के बदले पार्टी मंच पर बात रखें। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री ने ही की, जब उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वे उपेंद्र कुशवाहा को हमसे बात करने के लिए कहें। हम तैयार हैं। मुख्यमंत्री मुझे बुलाएं, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाएं। उसमें राजद के साथ हुई डील पर चर्चा हो। हम बताएंगे कि पार्टी कैसे कमजोर हुई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने पराये की पहचान करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन ज्योति बा महात्मा फुले समता परिषद की ओर से दो फरवरी को जगदेव प्रसाद की जयंती समारोह आयोजित है। उसमें शामिल होने से पार्टी की ओर से उन्हें रोका जा रहा है। वह उस समारोह में शामिल होंगे। अभी एक सामाजिक संगठन की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती का आयोजन किया गया था। उसमें जदयू के सभी लोग शामिल हुए थे। यह अच्छी बात है।

## राहुल गांधी के काफिले में घुसे कई लोग, सुरक्षा कारणों से रोकी गई भारत जोड़ो यात्रा

**रामबन (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बनिहाल में रोक दिया गया है। कांग्रेस का आरोप है कि यात्रा को घाटी जाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिल रही है।

राहुल गांधी यात्रा को छोड़कर खन्नाबल अनंतनाग को रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि राहुल की सुरक्षा घेरे में कई लोग घुस आए थे, जिसके बाद भारत जोड़ो यात्रा को रोक दिया गया। शुक्रवार को इस यात्रा में नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला शामिल हुए थे। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार सुबह 9 बजे शुरू हुई थी। यात्रा रामबन से अनंतनाग जानी थी, लेकिन इसे काजीगुंड में ही रोक दिया गया।

जम्मू कश्मीर की कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने ट्वीट में कहा कि प्रशासन भारत जोड़ो यात्रा को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहा। सुरक्षा में चूक यूटी प्रशासन के अनुचित रवैये को दर्शाती है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जम्मू कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा की सुरक्षा पुख्ता नहीं की जा रही है।

## जोशीमठ के पुनर्वास को लेकर एनडीएमए की रिपोर्ट का इंतजारः सचिव आपदा

**देहरादून।** जोशीमठ भूंधसाव के बाद पुनर्वास प्लान बनाने को सरकार को एजेंसियों की रिपोर्ट का इंतजार है। नेशनल डिजस्टर मैनेजमेंट अथरिटी की रिपोर्ट आने के बाद पुनर्वास प्लान पर आगे बढ़ा जाएगा। सचिव आपदा रंजीत सिन्हा ने जोशीमठ में किसी भी तरह की 50 फुट गहरी दरारों से भी इंकार किया। साफ किया कि जोशीमठ में दरारों में बारिश का पानी न जाए, इसी के लिए पलिथीन बिछाई गई है।

सचिवालय मीडिया सेंटर में मीडिया से बात करते हुए सचिव आपदा रंजीत सिन्हा ने कहा कि एनडीएमए की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। एजेंसियां अपनी अपनी रिपोर्ट दे चुकी है। सभी एजेंसियों का अंतिम नतीजा कमोबेश एक समान होगा। उसी को कंपाइल कर एनडीएमए अपनी रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट आने के बाद ही पुनर्वास प्लान पर आगे बढ़ा जाएगा। ड्रेनेज, सीवरेज प्लान पर भी काम इसी रिपोर्ट के आने के बाद आगे बढ़ेगा। ताकि पता चल सके कि जोशीमठ की आपदा को लेकर क्या स्थिति रहेगी।

सचिव ने जोशीमठ में 50 फुट गहरी दरारों को सिरे से खारिज किया। कहा कि मौके पर दरारें हैं, लेकिन ऐसी भयावह स्थिति नहीं है, जैसी की दिखाई जा रही है। कहा कि ऊपर से देखने में दरारें सूखी नजर आ रही हैं। नीचे की ओर से दरारों में नमी है। रेतिली भूमि है। दरारें भी तीखे ढाल वाले क्षेत्रों में है। समतल भूमि वाले क्षेत्रों में दरारें नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दरारों से नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन इनसे जोशीमठ पूरी तरह नीचे नहीं धंसने वाला है। बताया कि अब जेपी कालोनी में निकलने वाले का श्राव 171 एलपीएम है। अब किराए पर रहने वालों की संख्या 37 से बढ़ कर 39 हो गई है। अंतरिम राहत के रूप में 384 करोड़ बांटा जा चुका है। राहत पैकेज पर अब सोमवार को बैठक होगी। इस अवसर पर अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### हेलंग बाईपास को समिति की रिपोर्ट का इंतजार

सचिव ने कहा कि हेलंग बाईपास निर्माण को लेकर बीआरओ ने टीएचडीसी, एनएच, आईआईटी रुड़की की एक समिति बनाई है। ये समिति एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। उसी के बाद हेलंग बाईपास को लेकर आगे तय होगा। हेलंग बाईपास का बदरीनाथ धाम के साथ ही सामरिक महत्व भी है। हेलंग बाईपास को बनाने में ढाई साल का समय लगेगा। जोशीमठ भूधंसाव के बाद की स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है।

### बदरीनाथ धाम यात्रा पर भी नजर

सचिव ने कहा कि मौजूदा हालात में हेलंग बाईपास जल्द पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में बदरीनाथ धाम के लिए एकमात्र विकल्प के रूप में जोशीमठ वाली ही सड़क है। ऐसे में चार धाम यात्रा के तहत बदरीनाथ धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए क्या स्थिति रहेगी, इसे भी आगे चल कर तय किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस परेड में स्वदेशी हथियारों की झलक, भारतीय तोप से 21 तोपों की सलामी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में स्वदेशी व आधुनिक हथियारों की बेहतरीन झलक देखने को मिली। परंपरा के अनुसार सबसे पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और उसके बाद 21 तोपों की सलामी के साथ राष्ट्रगान हुआ। यह पहली बार है जब 21 तोपों की सलामी 105 मिमी की भारतीय फील्ड गन से दी गई। इसने पुरानी 25 पाउंडर बंदूक की जगह ली है, जो रक्षा क्षेत्र में बढ़ती भारतीय श्आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 26 जनवरी को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से 74वें गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्र का नेतृत्व किया। मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी परेड में मुख्य अतिथि रहे। खास बात यह रही कि मिस्त्र की सैनिक टुकड़ी ने कर्नल महमूद मोहम्मद अब्देल फत्ताह एल खारासावी के नेतृत्व में पहली बार कर्तव्य पथ पर मार्च किया।

मिस्त्र की सैन्य टुकड़ी से कदमताल व कर्तव्य पथ पर मार्च करते हुए मिस्त्र के सशस्त्र बलों का संयुक्त बैंड भी मार्चिंग में मौजूद रहा।

## तनाव मुक्ति एवं समय प्रबंधन से हर चुनौती का सामना किया जा सकता हैः मुख्यमंत्री

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से 'परीक्षा पे चर्चा-2023' कार्यक्रम में देश के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं अभिभावकों से संवाद किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लक्ष्मण विद्यालय इंटर कलेज, पथरीबाग में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'परीक्षा पर चर्चा-2023' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ड. धन सिंह रावत, विधायक विनोद चमोली, भूपाल राम टम्टा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा के छठवें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विद्यार्थियों को तनाव मुक्ति, समय प्रबंधन, कार्य दक्षता बढ़ाने, जीवन में विभिन्न चुनौतियों को पार करने के लिए गुरू मंत्र दिये। प्रधानमंत्री जी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद कर उनको जो प्रेरणा दी गई है, उनका अनुसरण करते हुए हमारे ये बच्चे भविष्य में देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है। हम आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं। आगामी 25 साल भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत का हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो, इसकी हमारे युवाओं पर बड़ी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में भी हम बेहतर कार्य कर ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। परमात्मा ने हमें जो स्वतंत्र अस्तित्व एवं व्यक्तिव दिया है, इसका हमें सही तरीके से उपयोग करना होगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लक्ष्मण विद्यालय इंटर कलेज, पथरीबाग में स्कूली छात्र-छात्राओं से मिलकर उन्हें आगामी परीक्षाओं की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्रेरणा दी कि जीवन में जो भी कार्य करें, पूरे मनोयोग से करें। उन्होंने कहा कि मेहनत ही जीवन में रंग लायेगी। इसके लिए अपने भीतर की ताकत जानना जरूरी है। जब हम किसी कार्य को पूरे मनोयोग से करते हैं, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि जीवन में अनेक परीक्षाओं का सामना करना पड़ता है, इसके लिए तनाव लेने के बजाय, उन चुनौतियों को पार पाने के प्रयास करने चाहिए। यदि हमने जीवन में तनाव मुक्ति और समय प्रबंधन करना सीख लिया, तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं है।

प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पर चर्चा- 2023' कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न स्कूलों से वर्चुअल माध्यम से मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, मेयर, अन्य जनप्रतिनिधगण, स्कूलों के विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं उनके अभिभावक जुड़े थे।

# भारत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर : चौधरी

## जिले में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस केदारनाथ धाम में आईटीबीपी के जवानों ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : 74वां गणतंत्र दिवस जनपद में हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम गुलाबराय मैदान में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर झंडारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर केदारनाथ धाम परिसर में आईटीबीपी के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने कहा कि भारत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि जनपद में केदारनाथ धाम यात्रा को जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा यात्रा का सफल संचालन किया गया है जिसके लिए सभी अधिकारी एवं कार्मिक बधाई के पात्र है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद धार्मिक व साहसिक पर्यटन का केन्द्र है। जहां लाखो तीर्थ यात्री बाबा केदारनाथ के दर्शन करने आते है तथा जनपद वासियों का आजीविका एवं आर्थिकी से जुड़ा हुआ है। आने वाले पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार एवं उनका अतिथि देवों भवः के तहत उनका स्वागत एवं सत्कार करें। ताकि जनपद की छवि बेहतर बने। उन्होंने कहा कि हमें सभी को अपने प्राकृतिक सांदर्य एवं संबर्द्धन के लिए नदी नालों के बेहतर साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें अपने अधिकारों, कर्त्तव्यों, देश के प्रति समर्पण तथा देशभक्ति की याद दिलाता है।

देश में सशक्त लोकतंत्र की स्थापना बनाए जाने हेतु संविधान सभा द्वारा 25 नवंबर 1949 को लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में संविधान का स्वरूप अंगीकार किया गया तथा आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू किया गया। उन्होंने देश के शहीदों के बलिदान तथा संविधान निर्माताओं को याद करते हुए कहा कि आज उनको श्रद्धांजलि देने का पर्व भी है। गणतंत्र के अर्थ को समझाते हुए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं कुशलता से करना है ताकि जनपद व प्रदेश प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर हो सके। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन, सिविल जज श्रीमती अनामिका सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल, पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्धनी सुमन, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, अधिशासी अभियंता लोनिवि जीएस रावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी, एनसीसी कैडेट, विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राएं एवं शिक्षक–शिक्षिकायें, क्षेत्रीय जनता एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन किशन रावत एवं धीरज देवराडी द्वारा किया गया।

### उद्यान विभाग की झांकी रही प्रथम स्थान पर

गणतंत्र के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास योजनाओं की झांकी निकाली गयी जिसमें पुलिस संचार दल, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ, आपदा प्रबन्धन, डीडीआरएफ, भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, पशुपालन विभाग, नगर पालिका, बाल विकास, मत्स्य, वन विभाग, डेरी विकास, स्वजल, कृषि विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर उद्यान विभाग की झांकी रही, द्वितीय स्थान पर डेरी विकास, तृतीय स्थान आपदा प्रबंधन विभाग की झांकी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर पुलिस परेड में प्रथम स्थान सशस्त्र बल के प्लाटून कमाण्डर दिनेश सिंह, द्वितीय स्थान पर एनसीसी केडिट अभिषेक, तृतीय स्थान भारतीय सेना बैण्ड के प्रभारी लक्ष्मण सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक रुद्रप्रयाग, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 अधिकारी एवं कार्मिकों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# धार्मिक पुस्तक जलाने पर स्वीडन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



विकासनगर। स्वीडन में धार्मिक पुस्तक जलाए जाने से आक्रोशित लोगों ने जमनपुर में स्वीडन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार के माध्यम से धार्मिक पुस्तक का अपमान करने वाले के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। शुक्रवार को पूर्व दर्जाधारी आकिल अहमद के नेतृत्व में जमनपुर चौक पर एकत्र हुए लोगों ने सेलाकुई तक आक्रोश रैली निकाली।

पूर्व दर्जाधारी ने कहा कि इस्लाम और कुरआन पर अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ हिंदुस्तान का मुसलमान कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहा है। कहा कि धार्मिक पुस्तक को जलाकर मुस्लिमों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाई है। कहा कि हिंदुस्तान हमेशा से दुनिया को भाईचारे का संदेश देता रहा है। यहां सभी धर्मों के लोग सौहार्दपूर्ण माहौल में मिलजुल कर रहते हैं। जाति और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों के खिलाफ वैश्विक स्तर एकजुट होकर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि स्वीडन में भारतीय दूतावास के माध्यम से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराने के लिए दबाव बनाया जाए।

### मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी में तीन आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। भूड़पुर स्थित टेलीकॉम कंपनी के टॉवर से बैटरी चोरी करने के तीन आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किए है। आरोपियों से चोरी हुई चार बैटरी बरामद करते हुए उनकी कार भी पुलिस ने सीज की है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण नेगी ने बताया कि भूढ़पुर, नयागांव में जियो कंपनी का टॉवर है। टॉवर से चार बैटरी चोरी होने को लेकर टेक्नीशियन मुनेंद्र कुमार ने केस दर्ज कराया। पुलिस ने जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। शुक्रवार को पुलिस ने नयागांव बैरियर से दिल्ली नंबर की कार सवार आरोपी गिरफ्तार किए। आरोपियों की पहचान रवि कुमार (32) पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी भूड़पुर थाना रमाला जिला बागपत, विनोद चौहान (27) पुत्र जसवीर सिंह निवासी किरठल थाना रमाला जिला बागपत और राहुल (26) पुत्र पाले राम निवासी गोयला खुर्द थाना बायोली जिला पानीपत, हरियाणा के रूप में हुई।

# कांग्रेस पद यात्रा और नुक्कड़ नाटक से खोलेगी सरकार की पोल



ऋषिकेश। कांग्रेस ने प्रदेश और ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाया है। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस पद यात्रा और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की पोल खोलेगी। शुक्रवार को रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन में पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान विचार गोष्ठी में महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह मियां ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों और कांग्रेस की विचारधारा से लोगों को जोड़ने के लिए कार्यक्रम होंगे। आरोप लगाया प्रदेश व विधानसभा में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और लचर कानून व्यवस्था का बोलबाला है। एआईसीसी सदस्य जयेंद्र रमोला, ब्लॉक अध्यक्ष श्यामपुर विजयपाल रावत व ब्लॉक अध्यक्ष रायवाला गोकुल रमोला ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत वार्ड और बूथ स्तर पर लोगों के बीच जाया जाएगा, जिसमें लोगों से अपनी बात कहने के अतिरिक्त उनकी समस्याओं से भी अवगत होंगे। जनसमस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार व शासन के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। मौके पर प्रदेश सचिव मदन मोहन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत, विमला रावत, शैलेन्द्र बिष्ट, पार्षद देवेंद्र प्रजापति, भगवान सिंह पंवार, दीपक जाटव, छात्रसंघ अध्यक्ष साक्षी तिवारी, चंदन पंवार, अरविन्द जैन, प्रदीप जैन, मनोज गुसाईं, राजेंद्र कोठारी, हरि नेगी, जगजीत सिंह, विक्रम भंडारी,मुकेश जाटव, कमलेश जाटव, सरोजिनी थपलियाल, रूकम पोखरियाल, राजकुमार तलवार, युंका अध्यक्ष गौरव राणा, आदित्य झा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सप्ताह में पांच दिन लगेंगे कोविड के टीके

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : कोविड-19 टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जनपद में छः चिकित्सा इकाईयों में शनिवार व रविवार को छोड़ सप्ताह में अन्य सभी पांच दिन कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि कोविड-19 की दूसरी व प्रिकॉशन डोज से छूटे लोगों का पूर्ण टीकाकरण करवाने के दृष्टिगत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग, सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुप्तकाशी व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाटा में शनिवार व रविवार को छोड़ शेष अन्य दिनों में कोविड टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में कोविशील्ड, कोवैक्सीन प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कोविड टीकाकरण की दूसरी व प्रिकॉशन डोज लगाने से छूटे नागरिकों से अपना पूर्ण कोविड टीकाकरण करवाने की अपील की है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ में पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी और पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व आरोपी ने उनकी नाबालिग बेटी को जबरन हाथ पकड़ लिया। आरोप लगाया कि आरोपी किशोरी को खींचकर और मुंह बंद कर गौशाला में ले गया। जहां आरोपी ने उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की है। कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्ती से कानूनी कार्रवाई की जाय। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ छेड़खानी और पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच महिला एसआई नीमा रावत को सौंपी गयी है।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को सम्मानित किया



ऋषिकेश। डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि क्षेत्र के सबसे पुराने शैक्षिक संस्थान पब्लिक इंटर कालेज को साधन संपन्न बनाया जाएगा। उन्होंने विद्यालय के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित किया। गुरुवार को डोईवाला स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों में संसाधनों को जुटाना मुश्किल होता है। वर्ष 1954 की यह संस्था आज तमाम अभावों के बावजूद ग्रामीण बच्चों की शिक्षा की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने अपनी निधि से विद्यालय के लिए दस लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में तेइसवां स्थान लाने वाली अमीषा परवीन, अर्पिता, सुहानी, लीला को कमला नेहरू पुरस्कार के तहत धनराशि के चेक वितरित किए। साथ ही कोरोना काल में बेहतरीन सेवा के लिए विद्यालय के कनिष्ठ सहायक चेतन प्रसाद कोठारी, मयंक शर्मा, अशवनी गुप्ता, ओमप्रकाश काला को सम्मानित किया। गन्ना सहकारी समिति डोईवाला के अध्यक्ष मनोज नौटियाल ने कहा कि शैक्षिक संस्थाओं को समाज एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही संचालित किया जाता है।

## बसंत पंचमी : सरस्वती देवी की प्रतिमा का विसर्जन

देहरादून। बसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती पूजनोत्सव के दूसरे दिन सरस्वती देवी की प्रतिमा का विसर्जन मालदेवता में किया गया। बिहारी महासभा द्वारा राजपुर रोड स्थित श्री शिव बालयोगी आश्रम ट्रस्ट में हुए धार्मिक कार्यक्रम में सुबह पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। बिहारी महासभा के अध्यक्ष लल्लन सिंह, सचिव चंदन कुमार झा, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार आदि के निगरानी में मालदेवता की नहर में सरस्वती देवी की प्रतिमा का विसर्जन हुआ। वहीं पूर्वा सांस्कृतिक मंच ने सांई मंदिर राजपुर रोड में सरस्वती पूजनोत्सव का आयोजन किया।

## योग महोत्सव में शामिल होने की अपील

देहरादून। दिल्ली लाल किला में आयोजित भारत पर्व में उत्तराखंड पर्यटन विभाग मार्च में आयोजित होने वाले योग महोत्सव का प्रचार कर रहा है। योग महोत्सव के प्रचार को बनाया गया स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पर्यटन विभाग एक से सात मार्च के बीच ऋषिकेश में योग और आरोग्य के महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2023 का आयोजन कर रहा है। इसके लिए देश विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया जा रहा है।भारत पर्व पर्यटन विभाग पर्व में उत्तराखंड थीम पवेलियन, फूड स्टॉल, हस्तशिल्प स्टॉल के जरिए लोगों को आकर्षित कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव को प्रोत्साहन देने को योग एवं अध्यात्म की राजधानी ऋषिकेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की प्रदर्शनियों को भी शामिल किया गया है। इसी थीम पर एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। महोत्सव में शामिल होने वालों के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में देश भर के प्रतिष्ठित योग संस्थानों ईशा फाउंडेशन, कैवल्यधाम, कृष्णामचार्य योग मंदिरम, आर्ट ऑफ लिविंग के योगाचार्यों द्वारा योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा योग महोत्सव में आए प्रतिभागियों के लिए आयुर्वेदाचार्यों द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय सत्र नाड़ी प्रीक्षण और विशेषज्ञों के परामर्श सत्र का आयोजन होगा। योग महोत्सव में संध्या आरती, शास्त्रीय भजन संध्या, लोक संगीत, लोक नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।



## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने किया गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

देहरादून। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) देहरादून शाखा की ओर से चकराता रोड स्थित आईएमए भवन में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष डा. आलोक सेमवाल रहे। डा. सेमवाल और वर्तमान अध्यक्ष डा. संजय उप्रेती ने झंडा फहराया। इस दौरान डॉक्टरों, उनके परिवार सदस्यों एवं बच्चों ने नृत्य, संगीत, नाटक के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोहा। इस दौरान सचिव डा. अंकित पराशर, कोषाध्यक्ष दिव्य छाबड़ा, संयुक्त सचिव डा. प्रीति शर्मा, डा. बीएस जज, डा. अमित सिंह, डा. एसजी सेठी, डा. राधिका रतूडी, डा. अखिल कुकरेजा आदि मौजूद रहे।

# किसानों का केंद्र सरकार के खिलाफ हल्लाबोल, निकाली ट्रैक्टर रैली



ऋषिकेश। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है। उन्होंने ट्रैक्टर रैली निकाल केंद्र सरकार पर किसानों के कर्ज माफी सहित अन्य मामलों को लेकर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। डोईवाला में संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार के खिलाफ ट्रैक्टर रैली निकाली। गुरुद्वारे से निकली रैली तहसील चौक, चांदमारी व नगर के अन्य स्थानों से होते हुए वापस गुरुद्वारे में पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल किसानों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के साथ वादा खिलाफी की गई है। वायदे के बावजूद एमएसपी कानून गारंटी एवं किसानों के कर्ज माफ नहीं किए गए हैं। स्वामी नाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर किसानों की सभी फसलों के लिए 50 फीसदी फार्मूले पर एनएसपी की गारंटी का कानून बनाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा एमएसपी पर गठित समिति और उसका घोषित एजेंडा किसानों द्वारा प्रस्तुत मांगों के विपरीत है। इस समिति को रद्द कर एमएसपी पर सभी फसलों की गारंटी के लिए किसानों के लिए उचित प्रतिनिधित्व के साथ केंद्र सरकार के वायदे के अनुसार संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। एमएसपी पर एक नई समिति का पुनर्गठन किया जाए।

# डीएम ने 74 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वज फहराया



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने 74 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वज फहराया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों/ कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के सभी नागरिक संविधान से जुड़े इसके परिपालन एवं गरिमा बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हम जहां पर भी कार्यरत हो अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करना महत्वपूर्ण है, कहा कि कोई भी यह न सोचे की वह छोटे पद पर है तो उसके प्रयासों से कोई फर्क नहीं पड़ता, लोकतंत्र में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होने कहा कि हम यह संकल्प लें कि जिस भी पद एवं पटल पर कार्यरत रहेंगे उसकी गरिमा बनाए रखेगें तथा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी से करते हुए स्वच्छ प्रशासन व्यवस्था बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। साथ ही कहा कि पत्रावलियों को त्वरित गति से चलाने में अधीनस्थ कार्मिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी इस प्रकार निभाएं ताकि जनमानस को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा शासकीय कार्य भी प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यों का असर/लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले यह हमारा ध्येय है प्रयास रहना चाहिए। कहा कि आपका कार्य महत्वपूर्ण है क्योंकि आपके पास जब कोई प्रकरण आता है तो आप उसे आगे बढ़ाते है तभी वह उच्च स्तर पर पहुंचकर निर्णय में परिर्वतित होता है। इसके लिए अधीनस्थ कार्मिक महत्वपूर्ण होते है, जो पत्रावली को आगे बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि अपनी महत्वता को कम न करें अपने कार्यों को जितने कर्तव्यनिष्ठा से संपादित किया जाएगा, उसका असर पूरे जनपद, प्रदेश एवं देश के विकास पर पड़ता है इसलिए अपने दायित्वों को जिम्मेदारी से निभाएं।इस अवसर पर मुख्य व्यैक्तिक सहायक विरेन्द्र सिंह, मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चैधरी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, परमवीर असवाल, राजेन्द्र रावत, सुशील बडोनी, रमेश भट्ट, टीकाराम डबराल, जिला कलेक्ट्रेट परिसर कार्यालय एवं जिला सूचना के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल सैनिक की मौत

**कोटद्वार** : कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य आमसौड़ के समीप सड़क दुर्घटना में घायल सैनिक की मौत हो गई। सैनिक को राजकीय बेस चिकित्सालय में उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया था। कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत झंडीचौड़ उत्तरी निवासी सागर पुंडीर (24) पुत्र केदार सिंह गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट में कार्यरत था। वर्तमान में उसकी तैनाती जम्मू–कश्मीर में थी। कुछ दिन पूर्व ही वह छुट्टी लेकर घर आया था। घर आने के बाद दो दिन पूर्व सागर स्कूटी पर सवार होकर लैंसडौन स्थित आर्मी कैंटीन से सामान लेने गया हुआ था। लैंसडौन से वापस लौटते समय कोटद्वार–दुगड्डा के मध्य आमसौड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने स्पीड ब्रेकर पर सागर की स्कूटी अनियंत्रित हो गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने सागर को 108 आकस्मिक वाहन की मदद से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। सागर की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। स्वजन उसे लेकर ऋषिकेश स्थित एम्स पहुंचे, जहां उपचार के दौरान सागर की मौत हो गई।

# फ्योली बोलू के बुरांस बोलू...

## नरेंद्र सिंह व मीना राणा के गीतों के साथ संपन्न हुआ बसंत महोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के कण्वाश्रम में आयोजित तीन दिवसीय बसंत महोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी व मीना राणा के गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। महोत्सव में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

कण्वाश्रम मेले में लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी, अनिल बिष्ट और लोकगायिका मीना राणा ने अपने साथियों के साथ प्रस्तुति दी। ऋतु खंडूड़ी भूषण ने लोकगायकों को पहाड़ी टोपी पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने भारी संख्या में उमड़े जनसैलाब का आभार किया। खासकर उन्होंने महिला शक्ति की सराहना कर सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट भगवान भरत की जन्मस्थली कण्वाश्रम का यह वसंत उत्सव मेला कोटद्वार की जनता के साथ-साथ अन्य राज्य व स्थानों के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह मेला एक उत्सव के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि का भी प्रतीक है। सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक मेलों और त्योहारों के पुराने गौरव को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। उत्तराखंड देवी–देवताओं की धरती है। यहां पर आयोजित होने वाले मेले, त्यौहार और उत्सव हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। मेले हमारे जीवन में हर्ष, आनंद, उमंग, उल्लास, प्रेम, शांति, संतुष्टि तथा खुशियों का संचार करते हैं। इन मेलों से सामाजिक सहयोग, समरसता, सौहार्द तथा भाई चारा बढ़ता है।

मेले सांस्कृतिक रूप से सभी को समृद्धि प्रदान करते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कण्वाश्रम के विकास कि योजना बताते हुए कहा की कण्वाश्रम के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के अनुसार कण्वाश्रम को केंद्र सरकार की ओर से स्वच्छ आइकॉनिक स्थल घोषित किया गया है जिसको विकसित किए जाने के लिए कण्वाश्रम में कार्य किए जायेंगे। उन्होने कण्वआश्रम को राष्ट्रीय पर्यटन के तौर पर विकसित करने की बात कही जिससे कण्वआश्रम को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त होगी जिससे यहां पर पर्यटन में वृद्धि होगी। कण्वआश्रम आयोजन समिति द्वारा कण्वआश्रम में मंच और भव्य प्रवेश द्वार की मांग की गई। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उनकी मांगों को स्वीकार करते हुए मंच और प्रवेश द्वार बनाने की घोषणा की। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष मुजुल डबराल, विश्वपाल जयंत, विमला शुक्ला, जितेंद्र डोबरियाल, जगतराम डबराल, शांति थापा, पार्षद मनीष भट्ट, पार्षद सौरव नौड़ियाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### इन गीतों की दी प्रस्तुति

कण्वाश्रम में तीन दिवसीय बसंत महोत्सव का आयोजन किया गया था। तीन दिन तक चले महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। गुरुवार को स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया था। जबकि, शुक्रवार को लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी व मीना राणा ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा। नरेंद्र सिंह नेगी व मीना राणा ने 'रूणक झुणक ऋतु बसंत गीत लगंदि ऐग्ये..', 'तेरा मंदिर मा दियू बल्यू..','फ्योली बोलू के बुरांस बोलू सहित अन्य कई गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान 'जै शंकर जै जै शिव शंकर..', 'तीले धारू बोला..', 'हिमवंत देश होला तिरजुगी नारेण..', सहित कई गीतों पर मनमोहक झांकी भी प्रस्तुति की गई।



कण्वाश्रम महोत्सव के दौरान लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी को सम्मानित करती विस अध्यक्ष

# जाम रहे बस के पहिये, यात्री हुए परेशान

## परिवहन निगम की हड़ताल के कारण मैदान व पहाड़ में नहीं चली बसें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड परिवहन निगम के संयुक्त मोर्चा की हड़ताल का असर कोटद्वार में भी देखने को मिला। बस के इंतजार में यात्री पूरे दिन इधर-उधर भटकते रहे। हालांकि मैदानी रूटों पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों ने यात्रियों को कुछ राहत दी।

परिवहन निगम संयुक्त मोर्चा की ओर से 13–सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दिनों परिवहन निगम के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन दिया था। वार्ता नहीं होने के चलते शुक्रवार सुबह से ही कोटद्वार बस अड्डे पर बसों का संचालन पूरी तरह से ठप कर दिया गया। ऐसे में कोटद्वार से मैदानी व पहाड़ी रूटों पर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दुगड्डा निवासी मीना देवी ने बताया कि वह शुक्रवार को देहरादून जा रही थी। लेकिन, पूरे दिन रोडवेज की बस नहीं मिली। नतीजा मैक्स से ही सफर करना पड़ा। यही स्थिति दिल्ली व अन्य रूटों पर भी बनी हुई थी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में पर्याप्त सीट नहीं मिलने के कारण लोगों को निजी वाहन बुक कर यात्रा करनी पड़ी।



कोटद्वार का बस अड्डा जहां से हड़ताल के कारण बसों का संचालन बंद पड़ा हुआ है।

# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कालेज कुम्भीचौड़ की ओर से गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी भी निकाली। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल ने राष्ट्रीय ध्यवज फैराकर बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया। कहा कि देश की तरक्की के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, सुनीता साही, राजेंद्र कुमार भंडारी, नीरज कुमार, पूनम पांथरी, अरविंद कुमार, कृष्ण कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड कोटद्वार की ओर से भी गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कंपनी के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने चालक-परिचालक व अन्य स्टाफ को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कुंवर सिंह रावत, हर्ष सिंह रावत, अर्जुन सिंह रावत, नरेंद्र सिंह नेगी, ऊषा सजवान, विजय पाल सिंह, अनिल बर्गीली, आलोक नेगी आदि मौजूद रहे।

## शिव कथा दस से

कोटद्वार : नगर निगम के अंतर्गत श्री केदार एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर सत्तीचौड़ में 10 से 20 फरवरी तक श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश देवेश नाथ ने स्थानीय जनता से कथा का श्रवण कर पुण्य अर्जित करने की अपील की है।

# बोर्ड के मैधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से राजकीय बालिका इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्तराखंड बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा 2022 में मेरिट में स्थान प्राप्त मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथियों डा. पीसी जोशी, सवोदयी सेविका शशिप्रभा रावत, प्रधानाचार्य सुनीता मधवाल और पार्षद नीरूबाला खंतवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने कहा कि मंच हमेशा से ही मेधावी छात्र–छात्राओं की मदद के लिए तैयार रहता है। इससे उनके हौसले में वृद्धि होगी और वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रधानाचार्य सुनीता मधवाल ने मंच की इस कार्य की सराहना की।

मौके पर उत्तराखंड बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा 2022 में मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विभिन्न विद्यालयों के सात बालक और पांच बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश कोठारी, चक्रधर कंडवाल, डा. नागेंद्र ध्यानी, डा. ख्यात सिंह चौहान, मंजू रावत, ललन बुड़ाकोटी, ठाकुर सिंह, डा. शक्तिशैल कपरवाण, जगदीपक रावत और शिव प्रकाश कुकरेती आदि मौजूद थे।



कैप्शन कोटद्वार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

# दिव्यांगजनों को बांटे कंबल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सक्षम संस्था की ओर से क्षेत्र के चालीस दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान सदस्यों ने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

भाबर स्थित बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सक्षम के अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत ने कहा कि सक्षम पिछले कई वर्षों से दिव्यांग व असहाय लोगों की मदद के लिए कार्य कर रहा है। कहा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक दिव्यांग को बेहतर मदद मिल सकें इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। सक्षम के प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी ने दिव्यांगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक किया। कहा कि प्रत्येक दिव्यांग को सरकारी योजनाओं का अवश्य लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों को बैशाखी भी भेंट की गई। इस मौके पर गिरिराज सिंह, लीला देवी, गौरव जोशी, विपुल उनियाल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में दिव्यांगजनों को कंबल वितरित करते सक्षम के सदस्य

# कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू, बूथ स्तर तक देगें संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ों अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान दो माह तक चलेगा। कांग्रेस ने इस अभियान को जिले की सभी विधानसभाओं में शुरू किया है।

पौड़ी विधानसभा समन्वयक कविन्द्र ईष्टवाल ने कहा कि जिला मुख्यालय से कांग्रेस पदाधकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अभियान की शुरुआत की गई है।

यह अभियान दो महीने तक चलेगा। सभी ग्राम पंचायतों से लेकर बूथ स्तर तक यात्रा का संदेश का दिया जाएगा। ईष्टवाल ने इस दौरान घर-घर जाकर जनसंपर्क किया जाएगा। साथ ही जो सरकार के खिलाफ चार्जशीट तैयार की गई है उसके पर्चे भी बांटे जाएंगे। अभियान के तहत पौड़ी कलक्ट्रेट से यात्रा शुरू की गई कि जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, वीर प्रताप सिंह, नीलम रावत, मनोज रावत, वीरेंद्र रावत, मनमोहन सिंह, जगमोहन सिंह नेगी, राहत हुसैन, तसलीम जावेद, भरत सिंह रावत, आशीष नेगी, मोहित सिंह, भूपेंद्र लिंगवाल आदि मौजूद रहे।

# 9 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : अवैध नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। पुलिस अवैध नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। पौड़ी पुलिस ने राजस्व क्षेत्र से रेगुलर पुलिस थाने में शामिल हुए परसुण्डाखाल क्षेत्र से 9 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियो को चेकिंग के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उत्तराखण्ड शासन द्वारा कई राजस्व क्षेत्रों के गांवो को रेगुलर पुलिस में शामिल किया गया है। जिसमें परसुण्डाखाल क्षेत्र भी अब थाना पौड़ी में सम्मिलित हुआ है। पौड़ी पुलिस द्वारा राजस्व क्षेत्र से रेगुलर पुलिस में सम्मिलित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते हुए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि चेकिंग के दौरान अभियुक्त मेहताब सिंह उर्फ महतू लाला पुत्र स्वर्गीय दातू सिंह, मेहरबान सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी मेहरगांव, पोस्ट परसुंडाखाल, जनपद पौड़ी गढ़वाल को परसुण्डाखाल के पास से 9 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ कोतवाली पौड़ी में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हेमकांत सेमवाल, कांस्टेबल महेश चंद्र, दिनेश नेगी, देवेंद्र कुमार शामिल थे।

# मेले में लोकगीत, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत की प्रस्तुति ने मोहा मन

**पौड़ी** : गणतंत्र दिवस समिति जड़ाऊखांद द्वारा दुर्गा मंदिर स्टेडियम जड़ाऊखांद में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह व ऐतिहासिक मेला रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। ध्वजारोहण के बाद स्कूली बच्चों, महिला मंगल दलों व संदेश कला सांस्कृतिक संस्था के कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। लोक गीत, लोक नृत्य, थड़्या चौंफुला, देशभक्ति गीत आदि की प्रस्तुति से कलाकारों ने सबका मन मोहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक लैंसडौन दिलीप रावत ने कहा कि इस तरह का आयोजन अपने आप में एक मिशाल है। आजादी के बाद साठवें दशक में जड़ाऊखांद निवासी स्व. हरिराज शरण अग्रवाल व स्व. अवध बिहारी अग्रवाल ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजन की शुरुआत की थी। वर्तमान में गणतंत्र दिवस समारोह यह आयोजन करती आ रही है। इस मौके पर अति विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, जिपंस बीरेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी, कैनरा बैंक मैनेजर अर्पित कुमार गौतम, बीएल मधवाल, मधु बिष्ट, बीर सिंह रावत, भजन सिंह रावत, लोकगायक होशियार सिंह रावत के साथ विशिष्ट अतिथि क्षेपंस गीता देवी, क्षेपंस सावित्री देवी, पूर्व जिपंस मुन्नी ध्यानी, पूर्व ज्येष्ठ उप प्रमुख सुरेंद्र बिष्ट, पूर्व कनिष्ठ उप प्रमुख नरेंद्र सिंह रावत, पूर्व सैनिक रामेश्वर प्रसाद, पूर्व सैनिक बुथाड़ सिंह, पूर्व सैनिक चमन सिंह, सत्यपाल सिंह आदि शामिल थे।

## छात्रों ने पीएम से सीखे परीक्षा के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : विकासखंड पोखड़ा के जनता इण्टर कॉलेज लियाखाल में भी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से परीक्षा के गुर सीखे। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य सुनीता बिष्ट ने छात्र/छात्रों को परीक्षा संबंधी टिप्स दिए। दूसरी ओर द्वारीखाल ब्लाक के राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज द्वारीखाल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चर्चा कार्यक्रम छात्र-छात्राओं की परीक्षा में कारगर सिद्ध होगा। जिससे छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सिलेत राजपाल रावत, शालिनी रावत, सुमन कली भारती, डा. शैलेद्र गिरी, बिपिन गुसाईं, जयदेव बिष्ट, नरेंद्र रावत, बलवीर रावत, सुमन ढौंडियाल, पूरण सिंह, मनीष नेगी, पृथ्वी पाल, बलवीर रावत आदि मौजूद रहे।

# संघ ने की भारत मां की आरती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क विभाग एवम धर्मजागरण समन्वय विभाग की ओर से झण्डा चौक में भारत माता की आरती का आयोजन किया गया। जिसमें कई लोगों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर संघ के सह ग्राम विकास संयोजक सतेन्द्र ने अखण्ड भारत के बारे में बताते हुए कहा हमारे देश की परंपराओं को अन्य देश भी मानने लगे हैं। यही कारण है कि आज भी इंडोनेशिया में भगवान गणेश की पूजा की जाती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी राष्ट्र की सुरक्षा के संबध में लगातार चिंतन करता रहता है। सन 1962 में संघ के 2600 सेवकों ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया। जब भी देश के ऊपर कोई संकट आया, संघ के सदस्यों ने उसमें बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। चाहे कश्मीर की बाढ़ हो या उत्तरकाशी का भूकंप हो। स्वयंसेवक निरंतर देश के लिए काम करने वालों की अग्रणी पंक्ति में खड़ा है। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों सहित कई लोग मौजूद रहे।



कोटद्वार में भारत मां की आरती करते संघ के सदस्य

# कालाढूंगी में हाथ से हाथ जोड़ों यात्रा निकाली



हल्द्वानी। गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस की ओर से कालाढूंगी के चकलुवा, पूरनपुर, कालाढूंगी व कोटाबाग में हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम के तहत यात्रा निकाली गई। पार्टी प्रदेश महासचिव महेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में बने रहने को महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, रुके विकास कार्यों व असल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने को सांप्रदायिक तनाव पैदा करने का काम कर रही है। रोज भर्ती घोटाले और बेरोजगार परेशान हैं। महंगाई से आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। समाज में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। वहीं कोटाबाग प्रभारी राजेन्द्र खनवाल व कालाढूंगी प्रभारी राम सिंह नगरकोटी ने कहा कि पार्टी राहुल गांधी का संदेश लेकर दो माह तक बूथ स्तर तक कार्यक्रम करने होंगे। इस मौके पर दीप चंद्र सती, दिनेश बधानी, वकील अहमद, बिक्रम सामंत, त्रिभुवन कन्याल, कमल अधिकारी, पूरन खनी, श्याम सिंह बिष्ट, देवेन्द्र बिष्ट, कुन्दन बोहरा, मोहन नेगी, प्रदीप नेगी, अर्नव काम्बोज, भारती बिष्ट, राहुल पंत, गोविंद सामंत, उमेश बधानी, भानू पडलिया, संजय बिष्ट, बीरेन्द्र बर्गली, कैलाश जोशी, मदन बजवाल, नवीन छिम्वाल रहे।

## चमोली जिपं अध्यक्ष को हटाना सरकार की मनमानी : आर्य

हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने चमोली की जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी को पद से हटाए जाने को पंचायत राज अधिनियम का दुरुपयोग बताया है।

मीडिया को जारी बयान में कहा कि जिस 12 साल पुराने मामले को आधार बनाकर रजनी भंडारी को हटाया गया, उस मामले में कई बार जांच हुई है। हर बार जांच अधिकारियों का निष्कर्ष था कि टेंडर प्रक्रिया से राज्य सरकार को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई है। जब कोई वित्तीय हानि नहीं हुई है तो राज्य सरकार द्वारा रजनी भंडारी को पद से हटाना मनमानीपूर्ण कदम है।

# गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

हल्द्वानी। कालाढूंगी व कोटाबाग में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। तहसील में एसडीएम रेखा कोहली, नगर पंचायत में अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, थाने में थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत, सीएचसी में डॉ. सुधीर कन्याल, सहकारी समिति में अध्यक्ष शेखर जोशी, ब्लाक में प्रमुख रवि कन्याल, आईटीआई में कार्यदेशक पीसी जोशी, राबाइंका में अशोक कुमार सिंह, राबाइंका में बसंती अधिकारी, गोस्वामी विद्या मंदिर में जगदीश चंद्र तिवारी, शिशु मंदिर में किशन सिंह बिष्ट, एएमपीएस में विजय कुमार खन्ना, कालाढूंगी रेंज में ख्याली राम आर्या, बरहैनी रेंज में प्रदीप असगोला, सिंचाई विभाग में यूसी उप्रेती, मदरसा फैजुल उलूम में सादर वकील अहमद, मोती मस्जिद मदरसे में सदर जलील अहमद, स्वतंत्रता सैनानी स्थल पर जीवन लाल वर्मा, अंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति, उत्थान समिति के निदेशक कीर्ति लाल सागर, जहूर पेट्रोल पंप पर जीवन लाल वर्मा, आशीष मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल बेलपोखरा में विद्यालय प्रबंधक तारा दत्त सत्यवली, प्रधानाचार्य ज्योति ने ध्वजारोहण किया। कालाढूंगी तहसील में एसडीएम रेखा कोहली व तहसीलदार प्रियंका रानी ने स्वच्छक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इधर कोटाबाग के पॉलिटेक्निक में बीपी सिंह, राइंका में सुरेंद्र सिंह रौतेला, राबाइंका में विनीता पाठक, दून मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूलमें प्रबंधक मनोज बुढलाकोटी, गैबुआ दून स्कूल में खगेंद्र भट्ट ने झंडा फहराया।

### गूलरभोज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

रुद्रपुर। राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत रामलीला भवन गूलरभोज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शुक्रवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे ने किया।

# युवती से स्पा सेंटर में देह व्यापार कराने का आरोपी संचालक गिरफ्तार

काशीपुर। युवती से स्पा सेंटर में देह व्यापार कराने के आरोपी संचालक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। नौ दिसंबर 2021 को असम निवासी एक युवती ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि उसकी रिश्ते की भाभी सपना विश्वकर्मा पत्नी इशाक उर्फ डेविड निवासी 662 नीर विहार मदनपुर दबास उत्तरी दिल्ली ने उसे काम दिलाने के नाम पर दिल्ली बुलाया। बाद में उसे काशीपुर लाया। जहां उसे स्पा सेंटर में काम के लिए रखा। यहां आने पर स्पा सेंटर में सपना और स्पा सेंटर के स्वामी ने देह व्यापार एवं अन्य अनैतिक कार्यों के लिए उस पर दबाव बनाने लगे। जब उसने मना किया तो सपना के पति डेविड ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर मारपीट की। पुलिस ने मामले में पांच अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। साथ ही सपना और उसके पति इशाक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को एसआई धीरेंद्र परिहार ने स्टेडियम तिराहा से आरोपी स्पा संचालक गगन कुमार पुत्र देशराज को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया। जहां उसे जेल भेज दिया है।

## सांसद अजय भट्ट ने बच्चों संग सुनी परीक्षा पर चर्चा

काशीपुर। नीझड़ा स्थित शिवालिक होली माउंट पब्लिक स्कूल अकेडमी पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट प्रधानमंत्री के ह्यपरीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में वर्चुअली माध्यम से सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ चर्चा की हो। शुक्रवार को सांसद भट्ट ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि परीक्षाओं के दौरान बच्चों के तनाव को दूर रख सही दिशा–निर्देश देने चाहिए। ठीक तरीके से बच्चों को उस दिशा में जाने दिया जाना चाहिए, जिस दिशा में वह जाना चाहता है। अगर बच्चे के दिमाग में कोई ऐसी बात है जिससे वह परीक्षा से घबराता और डरता है उसकी ऐसी बात को दूर करना चाहिए, इसी से उसका विकास संभव है। देश में अभिभावक और बच्चों के बीच में आपसी सामंजस्य कैसा होना चाहिए और क्या–क्या एहतियात हमें बरतनी चाहिए। जहां तमाम चीजें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों के साथ परीक्षा पे चर्चा 2023 नामक कार्यक्रम के दौरान साझा की। यहां जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, ब्लॉक प्रमुख अर्जुन सिंह, गुरविंदर सिंह चंडोक, दीपक बाली, राम मेहरोत्रा, राहुल पैगिया, बीबी भट्ट, अशीष गुप्ता, मोहन बिष्ट, रजत सिद्धू, रीति नागर, मंजू यादव, गुरबख्श सिंह बग्गा रहे।

## शिविर में 41 उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण

रुद्रपुर। शांतिपुरी में शुक्रवार को आयोजित ऊर्जा निगम के समाधान शिविर में 41 उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। शुक्रवार को शांतिपुरी पंचायत भवन के प्रांगण में विद्युत वितरण खंड रुद्रपुर की ओर से समाधान शिविर लगाया गया। अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी ने 41 उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस दौरान डॉ. गणेश उपाध्याय व प्रधान चंद्रकला बिशन सिंह कोरंगा ने गांव में टूटे हुए और खेतों के बीच पड़े विद्युत पोल को हटाकर उचित स्थान पर लगाने की मांग की। अधिशासी अभियंता अमित आनंद ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों का भी बिल लिया जाएगा। शिविर में 21 उपभोक्ताओं से 80 हजार रुपये का बकाया बिल वसूला गया। वहीं जेई प्रदीप खाती ने बताया कि 10 नए मीटर लगे। एक नया कनेक्शन और आठ बिल रिवीजन, तीन लोड बढ़ाने के लिए और एक लोड कम करने के लिए शिकायतें आईं।

# खनन कारोबारियों ने पहनाया विधायक को चांदी का मुकुट



हल्द्वानी। भाजपा लालकुआं मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट के सम्मान समारोह में पहुंचे विधायक डॉ. मोहन बिष्ट को भाजपाइयों व खनन कारोबारियों ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। शुक्रवार को आंबेडकर पार्क में आयोजित सम्मान समारोह में खनन कारोबारी दीवान बिष्ट ने कहा कि विधायक बिष्ट के कुशल नेतृत्व में खनन लीज एक माह के लिए बढ़ा दी गई, वहीं उन्होंने बिंदुखत्ता क्षेत्र में विद्युतीकरण कार्य शुरू करवाया। इसके बाद माघ माह पर खिचड़ी कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री रंजन बर्गली, हेमंत नरूला, चौधरी सर्वदमन सिंह, विनोद श्रीवास्तव, संजीव शर्मा, इस्तकार अंसारी, संजय अरोरा, जमील अहमद, बॉबी संभल, हरीश नैनवाल, प्रेम नाथ पंडित, अशोक पाठक आदि रहे।

# पीएम मोदी ने छात्रों को दिए परीक्षा के टिप्स, छात्रों में दिखा उत्साह

रुद्रपुर। ऊधमसिंह नगर के विभिन्न सरकारी, अर्द्ध सरकारी और निजी स्कूलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को लेकर छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं पीएम मोदी ने छात्रों को आगामी परीक्षा को लेकर कई टिप्स दिए। शुक्रवार को जेसीज पब्लिक स्कूल में छात्रों ने पीएम मोदी का लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान स्कूल के 300 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने कहा कि पीएम मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से सभी बच्चों को प्रेरणा मिली है। आने वाली परीक्षाओं में सभी छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। इससे पूर्व, विधायक अरोरा को स्कूल प्रबंधन ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, जेसीज स्कूल के महासचिव सुरजीत सिंह, मयंक कक्कड़, योगेश वर्मा, कार्यक्रम सयोजक राजेंद्र श्रीधर, ललित मिगलानी, बिट्टू चौहान, गजेंद्र प्रजापति, डीके गंगवार, शिव कुमार गंगवार, विद्या सागर, मदन दिवाकर समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं राजकीय बालिका इंटर कालेज फाजलपुर महरौला में मुख्य अतिथि मेयर रामपाल सिंह ने छात्राओं के साथ चर्चा को सुना। प्रसारण के बाद मेयर ने कहा कि पीएम मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने छात्र–छात्राओं के साथ सीधा संवाद किया है। इस दौरान सीईओ रमेश चंद्र आर्य, उप शिक्षा अधिकारी गुंजन अमरोही, पूर्व उत्तरी मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कोली, विद्यालय की प्रधानाचार्य पार्वती देवी, डॉ.बसंती रानी, संतोष कुमारी, शुभा रावत, विनीता चौधरी, संगीता नेगी आदि मौजूद रहे।

**नानकमत्ता में भी दिखाया गया कार्यक्रम**

नानकमत्ता। गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया। पीएम ने छात्रों को आगामी परीक्षा से जुड़े कई टिप्स दिए। यहां पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, राज्य किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, धर्म सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान भास्कर सम्मल, प्रभारी प्रधानाचार्य परमजीत कौर, जसविंदर कौर मौजूद रहे।

**अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज में भी परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम**

दिनेशपुर। स्व. चितरंजन राहा अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री मोदी के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया।

## धौलछीना थाने के नव नियुक्त एसओ ने गिनाई प्राथमिकताएं

अल्मोड़ा। नव सृजित धौलछीना थाने के पहले एसओ बने सुशील कुमार का ग्रामीणों तथा व्यापार मंडल ने स्वागत किया। इस मौके पर नवागंतुक थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस और पब्लिक की सहभागिता बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहली बार पुलिस से मुखातिब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे को रोकना, महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध को रोकना, गौरा देवी ऐप को हर महिला के मोबाइल तक पहुंचाना, यातायात व्यवस्था को सुचारू करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। कहां की 116 गांवों को अलग–अलग बीट में बांटकर पुलिस कर्मियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# सीएम के पैतृक गांव पहुंची डीएम

पिथौरागढ़। सीएम पुष्कर धामी के पैतृक गांव पहुंची डीएम रीना जोशी ने प्राथमिक स्कूल के बच्चों के साथ जमीन में बैठकर मध्यान्ह भोजन खाया। दिन के भोजन में दाल, चावल व आलू गोबी की सब्जी परोसी गई। शुक्रवार को जिलाधिकारी जोशी अधिकारियों की टीम के साथ सीएम के गांव टुंडी पहुंची। उन्होंने प्राथमिक स्कूल में दिन का भोजन बच्चों के साथ किया। प्राथमिक स्कूल में 14बच्चों को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक तैनात हैं। भोजन की गुणत्ता को उन्होंने सराहा। इसके बाद उन्होंने वहां टुंडी में चल रहे विकास कार्यों को देखा व ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। प्रधान बिसराम ने कहा कि पीएमजीएसवाई की डौडा बारमौ से टुंडी गांव तक निर्माणाधीन सड़क के बारे में बताया। ब्रह्मचारी इष्ट देव के मंदिर मेला स्थल पर धर्मशाला निर्माण, एएनएम भवन निर्माण, टुंडी गांव से असुर देव के मंदिर तक सीसी मार्ग, पंचायत घर व जनसंवाद ग्रह के निर्माण की मांग की। जिलाधिकारी ने सभी पर कार्रवाई का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने टुंडी के निकट जल स्रोत से बह रहे जल के सदुपयोग के लिए गुल निर्माण की मांग की। जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई के अधिकारी को गूल बनाने के निर्देश दिए। राजस्व ग्राम टुंडी के मेपु के दो विकलांग बच्चों की पेंशन बनाने के लिए समाज कल्याण अधिकारी को आदेश दिए। जिला अधिकारी ने ग्राम टुंडी में किसानों से क्षेत्र में पैदा की जाने वाली फसलों के बारे में जानकारी ली। डीएम ने लोगों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित किया।

## कल होंगे शक्तिमान यूनियन के अध्यक्ष पद पर चुनाव

चम्पावत। मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन के चुनाव रविवार को संपन्न होंगे। शुक्रवार को अन्य पदों पर प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए हैं। इस वजह से अब सिर्फ अध्यक्ष पद ही चुनाव होंगे। शुक्रवार को संरक्षक मंडल के नेतृत्व में शक्तिमान यूनियन के चुनावों में उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और उपसचिव में आठ प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। जिसमें से चार प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए हैं। संरक्षक मंडल के चुनाव अधिकारी बच्चन सिंह अधिकारी ने बताया कि उपाध्यक्ष में नसीब हुसैन, महासचिव में दीपेंद्र चंद राजन, कोषाध्यक्ष में कमल सिंह और उपसचिव में संजय मिश्रा को निर्विरोध चुना गया है। बताया कि अध्यक्ष पद में अमन ठाकुर और मनोज गुप्ता ने अपनी दावेदारी पेश की है। 735 मतदाता मतदान करेंगे। 29 जनवरी को गांधी मैदान में सुबह आठ बजे से मतदान होंगे। दोपहर तीन बजे बाद मतगणना की जाएगी।

# पेयजल मुहैया नहीं होने पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतवानी

अल्मोड़ा। भारत सरकार जहां हर घर नल, हर घर जल योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को पानी का कनेक्शन देने का काम कर रही है। वहीं द्वाराहाट ब्लॉक के कफड़ा स्थित नौगांव इंटर कॉलेज में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र–छात्राओं को पानी के लिए महरूम होना पड़ रहा है। इससे आक्रोशित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बचे सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को कुमाऊं आयुक्त को भेजे ज्ञापन भेजा है। उन्होंने 20 फरवरी तक पेयजल मुहैया नहीं होने पर 21 फरवरी से विद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतवानी दी है। कहा कि क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की बदौलत वर्ष 1950 में अस्तित्व में आये नौगांव इंटर कॉलेज में 72 वर्षों के बाद भी अध्ययनरत 265 छात्र–छात्राओं सहित एक दर्जन से अधिक शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए पानी नसीब नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सहित उच्चाधिकारियों को कई बार पत्र प्रेषित करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। एक अफसर दूसरे अफसर को पत्र लिख देते हैं। लेकिन छात्र–छात्राओं को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते मध्याह्न भोजन, पेयजल, शौचालय आदि में पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। पूर्व में सती नौगांव से आधी इंच की पाइप लाइन थी। जिसमें थोड़ा बहुत पानी मिल जाता था। लेकिन खस्ताहाल होने के चलते अब बिल्कुल भी पानी नहीं आ रहा है।

## छात्र– छात्राओं ने सुना पीएम मोदी का संदेश

चम्पावत। परीक्षा में चर्चा कार्यक्रम के तहत जीआईसी पनिया के छात्र छात्राओं ने पीएम मोदी का संदेश सुना। पीएम मोदी ने छात्र छात्राओं से तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कक्षा नौ से 12वीं तक के छात्र छात्राएं मौजूद रही। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुमनलता, बीईओ नीरज बिष्ट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, मंडल अध्यक्ष जगदीश जोशी, रवीश पचौली, गोकुलानंद भट्ट, गोपेश पचौली, सतीश जोशी आदि मौजूद रहे।

## 5 हजार के ईनामी आरोपी को मुंबई से पकड़ा

पिथौरागढ़। पुलिस और एसओजी ने पांच हजार के एक ईनामी आरोपी को मुंबई से पकड़ा है। शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व में डीडीहाट रानीखेत निवासी प्रकाश सिंह उर्फ पप्पू पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस अधिकारी को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा। पुलिस ने उक्त व्यक्ति पर भादवि की धारा 186, 187, 504 व 506 के तहत पंजीकृत कर जांच शुरू की। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। बाद में पुलिस ने आरोपी पर ईनाम भी घोषित किया। बीते रोज पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने आरोपी को दबिश देकर मुंबई से गिरफ्तार किया है।

# योगदा आश्रम ने बांटे स्कूली बच्चों को निशुल्क गणवेश



अल्मोड़ा। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया शाखा द्वाराहाट के तत्वाधान में राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल के 42 बच्चों को निशुल्क गणवेश वितरित किये गये।

प्रधानाचार्य पूरन चन्द्र बिष्ट ने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि योगदा आश्रम ने स्कूली बच्चों को स्वेटर आदि सामग्री वितरित की है। स्वामी धैर्यानंद ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को आश्रम की ओर से हमेशा सहायता की जाती है। क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणवेश वितरण का कार्य किया गया है। इस मौके पर शिक्षिका अंकिता जोशी, उर्मिला नेगी, सरिता देवी सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना रोकने को अभियान चलाएं अधिकारी

चम्पावत। डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सभी एसडीएम को अभियान चलाने को कहा है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने पूर्व बैठक में दिए निर्देशों की कार्यवाही फोटो सहित समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। पुलिस और परिवहन विभाग ने बताया कि टनकपुर–बनबसा के बीच सात स्थानों में स्कूली बच्चे गुजरत हैं। समिति ने इन स्थानों पर वॉटर बैरियर व ब्रेकर लगाने, लोहाघाट, चम्पावत, नरसिंहडांडा और बाराकोट बाजार में सुरक्षा के नजरिए से बैरियर व सीसीटीवी लगाने की सिफारिश की। डीएम ने इसके लिए शीघ्र धनराशि उपलब्ध कराने की बात कही। डीएम ने सभी एसडीएम को पुलिस और परिवहन विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। बताया गया कि संयुक्त अभियान में कुल 16000 वाहनों के चालान किए गए हैं। जिले के विभिन्न स्थानों में गड्ढे, पार्किंग और साइनेज बोर्ड आदि लगाने को कहा गया। बैठक में एसपी देवेंद्र पींचा, एसडीएम रिंकू बिष्ट, अनिल चन्याल, ईई बीसी पंत, डीडीएमओ मनोज पांडेय आदि मौजूद रहे।

# डीआरएम ने किया टनकपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

चम्पावत। पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम रेखा यादव ने टनकपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ सभी प्लेटफॉर्म पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही साफ–सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। शुक्रवार को डीआरएम बनबसा होते हुए टनकपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। उन्होंने रेलवे की भूमि से हटाए गए अतिक्रमण का निरीक्षण किया। इसके अलावा टिकट आरक्षण केंद्र, प्रतिक्षालय कक्ष, स्टोर वाणिज्य, सुरक्षा बल चौकी, सीसे पावर हाउस, ट्रेन संचालन कक्ष, ट्रेन पाशिंग कक्ष, रोलिंग परीक्षण हॉट ट्रेन पासिंग, साफ सफाई, शौचालयों आदि जगहों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालयों में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। यहां डीओम डॉ हरीश, डीसीएम आशीष त्रिपाठी, सीनियर डीएसटी प्रवेश कुमार, स्टेशन अधीक्षक कृष्ण दत्त कापड़ी, इंजी मुन्ना कुमार, स्टेशन मास्टर सूरज कुमार, अवधेश कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद भट्ट आदि रहे।

इधर व्यापार मंडल के अध्यक्ष शाहिद हुसैन, मुकेश शाहू, राज सिंह, अंकित अग्रवाल, संजय पांडेय और मोहित गड़कोटी ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपते हुए शाम या रात में दिल्ली, देहरादून के लिए रेलगाड़ी चलाए जाने की मांग की है।

## वीपीडीओ का कार्यबहिष्कार रहा जारी

चम्पावत। ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने कार्यात्मक एकीकरण प्रणाली को निरस्त करने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार दसवें दिन भी जारी रखा। कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती वे धरने पर बैठे रहेंगे। शुक्रवार को वीपीडीओ संगठन के जिलाध्यक्ष शिवांशु वर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

# उत्कृष्ट कार्य पर छह ग्राम पंचायतें सम्मानित

चम्पावत। लोहाघाट में मनरेगा योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली छह ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडेय की अध्यक्षता और एबीडीओ एमसी परगांई के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से ग्राम प्रधान पहुंचे। विकास खंड के 21 ग्राम पंचायतों ने मनरेगा के तहत किए बेहतरीन कार्यों को भेजा था। बीडीओ ने बताया कि चार बिंदुओं पर प्राप्त आवेदनों का चयन समिति ने परीक्षण कर परिणाम घोषित किए गए। उन्होंने बताया कि रायनगर चौड़ी राय मुख्य मार्ग से मलचौड़ी तक सीसी मार्ग निर्माण, नेपाल सीमा से लगे सुल्ला गांव के मध्य में जल निकास नाली का निर्माण, बिंडातिवारी गांव में सार्वजनिक स्थानों में कूड़ेदानों का निर्माण, मोत्यूराज के कर्णकरायत तोक में जल निकास नाली का निर्माण, बगौटी के जमरसों तोक में मुख्य मार्ग से गांव तक सीसी मार्ग का निर्माण, मडचमार के रूदमाली तोक में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पूर्ण मानको के अनुरूप पाई गई।

# मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाने पर होगी कार्यवाही



बैठक में निर्देश देते हुए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को समय-समय पर जन जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा इस विषय पर आधारित निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता कराएं। तैयार की गयी पेंटिंग-पोस्टर को भी सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शित करने वाले बैनर पोस्टर में सम्मिलित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मेडिकल स्टोर का लगातार व नियमित औचक निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी मेडिकल स्टोर में अवैध ड्रग की बिक्री की जाती है तो उन पर कठोर कार्यवाही करें। साथ ही जिन मेडिकल स्टोर के संचालकों द्वारा अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गये है उनको नोटिस निर्गत करने के पश्चात सख्त वैधानिक कार्यवाही करें। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न विद्यालयों, बाल गृहों अथवा महत्वपूर्ण संस्थानों में नशा मुक्ति के विरुद्ध जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, महत्वपूर्ण स्थलों पर नारकोटिक्स, नशा मुक्ति रोकथाम आधारित थीम पर विभिन्न विभागों के समन्वय से डिस्प्ले बोर्ड, पोस्टर और बैनर चस्पा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में स्थित नशा मुक्ति केंद्रों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करने, सरकारी अस्पतालों में नेशनल मेंटल हेल्थ के तहत किये गये उपचार और दिये गये सर्टिफिकेट इत्यादि का कंपाइल विवरण प्रस्तुत करने को कहा। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को जनपद में अफीम व भांग की खेती के दिये गये लाइसेंस तथा विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार लगाए गये सीसीटीवी कैमरे इत्यादि की कार्यवाही की अनुपालन आख्या का विवरण प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, जिला आबकारी अधिकारी केपी सिंह, एसडीओ वन विभाग लकी शाह, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## हर समय टाइम मैनेजमैंट के लिए तैयार रहें छात्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय इंटरकॉलेज पौड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि बच्चों को परीक्षा के समय ही नहीं बल्कि जीवन के हर समय टाइम मैनेजमैंट के लिए तैयार रहना चाहिए और नकल जैसी बुरी आदतों से बचना चाहिए। वहीं, राइंका खोलाचौरी में प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल महावीर सिंह बिष्ट ने अभिभावकों और शिक्षकों को तनावमुक्त वातावरण सृजन कर छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक परिवेश में समन्वय स्थापित कर उच्च पदों पर प्रदर्शन करने की दिशा मे जागरूक होने की बात कही। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी, जयेष्ठ प्रमुख प्रमिला नेगी, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष प्रमोद नेगी ने छात्रों का परीक्षा पे चर्चा के तहत मार्ग दर्शन किया।

# प्रत्येक बूथ पर डिजिटल कार्यकर्ता तैयार करेगी कांग्रेस : रणाकोटी

श्रीनगर गढ़वाल : जिला युवा कांग्रेस देवप्रयाग के जिलाध्यक्ष आशीष रणाकोटी ने कहा कि उत्तराखंड युवा कांग्रेस का यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो अभियान देवप्रयाग संगम से विधिवत शुरू हो गया है।

कहा कि अभियान के माध्यम से हर विधानसभा के प्रत्येक बूथ में पांच युवाओं को जोड़ा जाएगा। साथ ही प्रत्येक बूथ में एक-एक डिजिटल कार्यकर्ता तैयार किए जाएंगे।

गढ़वाल मंडल विकास निगम में शुक्रवार को पत्रकारों से बाचतीं में जिला युवा कांग्रेस देवप्रयाग के जिलाध्यक्ष आशीष ने कहा कि अंकिता भंडारी मामले में भाजपा सरकार अभी तक दोषियों पर ठोस कार्यवाही नहीं कर पाई है। कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस अंकिता प्रकरण की जांच सीबीआई से करवाए जाने की मांग कर रही है, लेकिन सरकार इसके लिए तैयार नहीं है। कहा भाजपा सरकार में भर्ती घोटालों ने युवाओं को निराश और उनके आत्मविश्वास को तोड़ने का काम किया है। वीपीडीओ भर्ती घोटाला और हाल ही में पटवारी भर्ती घोटाला उजागर होने से सरकार की पोल खोल गुई है। विधानसभा अध्यक्ष अंकित ने जोशीमठ में आपदा से प्रभावित लोगो को टिहरी बांध विस्थापित नियमावली के तहत मुआवजा दिया जाने और उनका पुनर्वास विस्थापन किया जाने की मांग की है। उन्होंने भारत के कुश्ती संघ में महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण व उत्पीड़न की घटना की निंदा की। मौके पर डा. प्रताप भंडारी, उत्तम असवाल, राजेंद्र चंद्र, मंगत मटियाणी, लाल सिंह नेगी, रामदास नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## महिला को लौटाया कीमती सामान सहित बैग

श्रीनगर गढ़वाल : वाहन में सफर करते हुए एक व्यक्ति अपना बैग छोड़कर महिला का बैग लेकर उतर गया। महिला के बैग में जेवरात व नगदी रखी हुई थी। इसकी शिकायत उन्होंने थाना कीर्तिनगर को दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान सिंह ने बताया कि कीर्तिनगर निवासी रीना रावत ने थाने को सूचना दी कि उनका एक बैग वाहन में छूट गया है, जिसमें सोने की दो जोड़ी कान की बालियां, 5 हजार नगद धनराशि, तीन एटीएम व एक मंगलसूत्र था। जो गलती से किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा एक जैसे रंग के बैग होने के कारण बदल कर ले जाया गया। पुलिस को केवल उक्त व्यक्ति के कीर्तिनगर से ऋषिकेश की ओर गाड़ी से जाने जानकारी थी। जिस पर सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए। जिसके परिणाम स्वरूप उक्त बैग विनोद सिंह निवासी कुंडली थाना हिंडोलाखाल तहसील देवप्रयाग के पास पाया गया। उन्होंने बताया कि कांस्टेबल अमित रावत द्वारा काफी मशक्कत के बाद उक्त व्यक्ति से संपर्क किया गया। जिसके द्वारा बताया गया कि दोनों बैगों का एक ही रंग होने के कारण आपस में बदल गए थे।

# कमलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा आज

श्रीनगर गढ़वाल : कमलेश्वर महादेव मंदिर श्रीनगर में आदि काल से चली आ रही घृत कमल पूजा 28 जनवरी माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि रात्रि को होनी निश्चित हुई है। जिसकी तैयारी जोरों पर है। घृत कमल पूजन को लेकर यहां श्रद्धालुओं में बड़ा उत्साह रहता है।

कमलेश्वर महादेव मंदिर के महंत आशुतोष पुरी ने बताया कि तारकासुर नामक राक्षस का वध करने के लिए देवताओं ने कमलेश्वर महादेव में शिवजी को विवाह हेतु मनाने के लिए पूजा की। देवताओं ने यहां शिवजी की कामाशक्त भावना को जागृत करने के लिए घृत कमल पूजन किया। जिसके तहत 3 सांग पांग 18 आवरण पूजा एवं घृत से शिव लिंग को ढकना व बावन व्यंजनों का भोग लगाकर शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। कालांतर में यह पूजा कमलेश्वर महादेव के श्री महंत द्वारा की जा रही है। जिसमें वह तारकासुर रूपी समाज की बुराइयों के शमन एवं जगत कल्याण हेतु दिगम्बर अवस्था में लोट परिक्रमा करते हैं। (एजेंसी)

## 40 परिवारों को रजाई, कंबल बांटे

विकासनगर। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल, रजाई वितरित की। भाजपा कार्यकर्ता अक्षय गोस्वामी ने सेलाकुई के चोई बस्ती, रामपुर पुल, जमनपुर, निगम रोड, गणेश विहार में 40 परिवारों को रजाई, कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि वंचित वर्ग की सहायता करना मानवता का धर्म है। उन्होंने समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपवंचित वर्ग के लोगों की मदद करने के लिए आगे आने चाहिए।

## पुलिस ने गुमशुदा बुर्जुर्ग को परिजनों से मिलाया

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने एक बुजुर्ग को उनके परिजनों से मिलाया है। बुजुर्ग रानीहाट से 20 जनवरी से लापता हो गये थे। घर न पहुंचने पर परिजनों ने बुधवार को कोतवाली में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। कीर्तिनगर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक धनराज सिंह बिष्ट ने बताया कि रामप्रकाश निवासी धनाडा पट्टी भरपूर देवप्रयाग ने थाना कीर्तिनगर पर तहरीर देकर बताया कि उनके पिताजी जगत राम (73) ग्राम सभा रानीहाट चौरास स्थित अपनी बेटी के यहां से अपने घर देवप्रयाग के लिए निकले थे, लेकिनघर नहीं पहुंचे।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सीसीटीवी चैक किए। जिसके बाद जुयालगढ के पास नदी की ओर जाने वाले रास्ते पर उक्त गुमशुदा चट्टानों के मध्य लेटा हुआ मिला। जो कि काफी कमजोर अवस्था में थे और चल नहीं पा रहे थे। पूछताछ में बुजुर्ग ने बताया कि वह रास्ता भटक गये थे और काफी कमजोर होने के कारण चल नहीं पा रहे थे। जिसके बाद बुजुर्ग को परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम एसएसआई धनराज सिंह बिष्ट, मनमोहन सिंह, उपेन्द्र आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## आज विराजमान होगी माँ धारी देवी की मूर्ति नए मंदिर में

श्रीनगर गढ़वाल : मां धारी देवी की मूर्ति को 28 जनवरी को शुभ मुहुर्त में नए मंदिर में विराजमान किया जाएगा। इसके लिए गत 24 जनवरी से मंदिर में शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 21 पंडितों के द्वारा विधि-विधान से यज्ञ किया जा रहा है। यज्ञ के माध्यम से मूर्ति स्थापना कार्य को निर्विघ्न संपन्न कराए जाने की प्रार्थना मां पुजारी न्यास द्वारा धारी देवी से की जा रही है। पुजारी न्यास के सचिव जगदंबा प्रसाद पांडेय ने बताया कि मूर्ति शिफ्ट करने से पहले विधि-विधान से मंदिर में शतचंडी यज्ञ किया जा रहा है। कहा 28 जनवरी को विधि-विधान से मूर्ति को नए मंदिर में स्थापित कर दिया जाएगा। इस मौके पर सुबह 9.45 बजे नए मंदिर में मूर्ति दर्शन एवं पूजा पाठ, 10 बजे हवन यज्ञ, 11 बजे भंडारा वितरण किया जाएगा। दूसरी ओर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी शनिवार को प्रातः नौ बजे आद्य शक्ति मां धारी देवी न्यास कलियासौड़ में धारी देवी की प्रतिमा का नवनिर्मित मंदिर में स्थापना कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। (एजेंसी)

# जनपद मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## आयुक्त ने दिलाई संविधान की शपथ, पुलिस जवानों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मंडल कार्यालय, कलेक्ट्रेट सहित जनपद के समस्त कार्यालयों में ध्वजारोहण कर 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार ने साढ़े नौ बजे आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ भी दिलाई। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। वही कंडोलिया खेल मैदान में आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दिन है जब भारत काफी गर्व के साथ संवैधानिक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में 74वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के जवानो को



आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार गणतंत्र दिवस पर पुलिस कर्मी को सम्मानित करते हुए।

प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कंडोलिया मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस 26 तारीख को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी तारीख को भारतीय संविधान लागू हुआ था। उन्होंने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए नमन किया। साथ ही देश की आजादी के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों नायको तथा देश की सीमाओं पर शहीद होने वाले जवानों को भी याद किया। इस दौरान विभागों द्वारा निकाली गई झांकियों, संस्कृति विभाग के कलाकारों व स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों से रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं एसएसपी कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे ने ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न तहसील, विकासखंडों सहित समस्त कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया। कंडोलिया मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल, स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, एसएसपी श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, अपर जिलाधिकारी इला गिरी, उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, सीओ सदर प्रेम लाल टम्टा सहित संबंधित उच्च, अधीनस्थ कार्मिक उपस्थित थे।

# अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार, उच्च स्तरीय जांच की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : अधिकारियों के स्थानान्तरण और निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर सतपुली तहसील में अधिवक्ताओं ने कार्यबहिष्कार शुक्रवार को भी जारी रखा। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने तहसील कर्मियों विपिन भट्ट एवं कुलदीप बिष्ट की सड़क दुर्घटना में अकस्मात मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया।

आपको बता दें कि 25 जनवरी को सतपुली तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा राजस्व न्यायालयों में पक्षपात व द्वेष पूर्ण तरीकों से वादों का निस्तारण किए जाने को लेकर तहसील न्यायालयों में कार्य बहिष्कार किया था। साथ ही जिलाधिकारी पौड़ी से अधिकारियों के स्थानातरण और निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की मांग थी।

इस मौके पर अधिवक्ता संघ तहसील सतपुली व चौबट्टाखाल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदीप डोबरियाल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सतपुली ने कहा कि जब तक अनियमितताओं के मामलों की जांच नहीं की जाती या उचित कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाती तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ की सचिव संगीता उपाध्यक्ष, रतन सिंह बिष्ट, अधिवक्ता सुमित रावत आदि मौजूद थे।

## बाईक को मोडिफाइड करना पड़ा महंगा, आठ के खिलाफ कार्रवाई

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर पुलिस ने बाईक में तेज आवाज और पटाखा आवाज साइलेंसर लगाकर चलने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में श्रीनगर कोतवाली पुलिस नगर क्षेत्र चैकिंग की जा रही है। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिओमराज चौहान ने बताया कि इससे वायु प्रदूषण के साथ ही ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है। तेज आवाज और पटाखा आवाज वाले साइलेंसर से बुजुर्ग और छोटे बच्चों सहित आमलोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता का खिताब देहरादून ने जीता

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा राइंका देवलगढ़ में स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की स्मृति में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में देहरादून की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। देहरादून की टीम ने देवलगढ़ की टीम को लगातार तीन सेटों में पराजित किया। विजेता टीम को पच्चीस हजार नकद धनराशि के साथ ट्राफी प्रदान की गई। जबकि उपविजेता देवलगढ़ की टीम को 21 हजार की नकद धनराशि व ट्राफी दी प्रदान की गई। देवलगढ़ देवदर्शन क्लब के दुर्गेश कुमार व टिंकू कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ऐडवोकेट कैलाश पंत व विशिष्ठ अतिथि बार एसोसिएसन श्रीनगर के अध्यक्ष दीपक भण्डारी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रमेश मंद्रवाल, प्रधान प्रमोद उनियाल, गहड़ के प्रधान उत्तम सिंह भण्डारी, भटोली के प्रधान संजय सिंह बिष्ट, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## एनएमएमएस से ऑनलाइन मस्ट्रोल में कार्य कराना संभव नहीं

श्रीनगर गढ़वाल : प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने पंचायत प्रतिनिधियों की मनरेगा की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि पंचायतों में नेटवर्क की समस्या होने के कारण एनएमएमएस से श्रमिकों की ऑनलाइन मस्ट्रोल में कार्य कराना संभव नहीं है।

# प्रत्येक व्यक्ति को कानून की जानकारी होना आवश्यक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रुद्रप्रयाग की ओर से राजकीय इण्टर कालेज जवाडी, जिला रूद्रप्रयाग में विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सचिव/सीनियर सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रूद्रप्रयाग श्रीमती अनामिका सिंह ने शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कानून की जानकारी होनी आवश्यक है, जिससे यदि कोई उनके अधिकारों का उलंघन करता है तो उसके विरूद्ध आवाज उठा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से अक्षम एवं अन्य दुर्बल व्यक्तियों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है। कोई व्यक्ति अपनी किसी अक्षमता के कारण न्याय पाने से वंचित ना रह जाए, यही प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि एसिड अटैक से पीड़ित के उपचार एवं पुनर्वास करने की व्यवस्था योजना में की गयी है। उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित भरण-पोषण आदि की कानूनी जानकारी दी। शिविर में पुलिस विभाग के प्रतिनिधि एसआई श्याम लाल ने यातायात नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में रिटेनर अधिवक्ता, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज जवाडी, शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## चमोली जिले में 5373 मतदाता बढ़े

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : वर्तमान में जनपद में 297980 मतदाता हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बीएस रावत ने बताया कि 1 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस बार 5373 मतदाता जुड़े जबकि 3493 मतदाता हटे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत हुई कार्यशाला



विकासनगर। श्री गुरु राम इंटर कॉलेज सहसपुर में शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित करने के साथ ही करिअर काउंसलिंग की गई। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत कर रहीं प्रशिक्षु आईएएस एवं सहसपुर की बीडीओ वरूणा अग्रवाल ने छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत और ईमानदारी की जरूरत होती है। बचपन से ही लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में मेहनत शुरू कर देनी चाहिए। कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कभी भी गलत रास्ते का चयन नहीं करना चाहिए। गलत रास्ते पर चलते हुए मिली सफलता कभी स्थाई नहीं होती है। प्रशिक्षु आईएएस ने छात्र–छात्राओं को बताया कि शिक्षा के दौरान विषय चयन सबसे महत्वपूर्ण होता है। उस विषय का चयन करना चाहिए जो रुचिपूर्ण लगे। उन्होंने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि आप किस स्ट्रीम के विषय चुन रहे हैं, महत्वपूर्ण यह कि आपकी रुचि किस विषय में है। विषय चयन के साथ ही यह भी जरूरी है कि चयनित विषय की पूरी जानकारी हो। उन्होंने कहा कि विषय चयन के बाद निरंतर मेहनत सफलता तक पहुंचाती है।

## समाल्टा से 29 अप्रैल को दसऊके लिए प्रस्थान करेंगे चालदा महाराज

विकासनगर। वसंत पंचमी पर समाल्टा महासू मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में महाराज के समाल्टा से दसऊप्रवास का कार्यक्रम तय हो गया। महाराज 29 अप्रैल को गर्भगृह से बाहर निकल कर दसऊके लिए रवाना होंगे। डेढ़ वर्ष से कालसी ब्लाक के खत समाल्टा के समाल्टा गांव स्थित मंदिर में विराजमान छत्रधारी चालदा महाराज के 29 अप्रैल को समाल्टा से कालसी ब्लाक के खत पशगांव के दसऊ गाँव के लिए प्रस्थान करेंगे। महाराज के बजीर शांठीबील दीवान सिंह ने बताया कि महाराज के प्रस्थान की तिथि वसंत पंचमी पर तय हुई है। गुरुवार सुबह महाराज के देव माली द्वारा महाराज के प्रस्थान का समय तय किया गया है। बताया कि महाराज को लेने के लिए नराया और दसऊ गाव से ग्रामीण 28 अप्रैल को समाल्टा पहुंचेंगे।

# चमोली जिले में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## झांकी में शिक्षा विभाग, सांस्कृतिक में राकउमावि नैग्वाड अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : 74वां गणतंत्र दिवस जनपद में बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। विकासपरक झांकियों में शिक्षा विभाग को प्रथम, ग्राम्य विकास को द्वितीय, कृषि विभाग की झांकी को तीसरा पुरस्कार मिला। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राकउमावि नैग्वाड ने प्रथम, पीस पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, रामचन्द्र भटट शिशु मन्दिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।क्लेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने ध्वजारोहण कर कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं देश के



संविधान को आत्मर्पित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने अधिकारियों को अपने कर्त्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करने तथा मिलजुल कर टीम भावना से कार्य करने को कहा। कहा कि हम सिस्टम में हैं हमको मौका मिला है लोगों के लिए काम करने का उनको सहयोग करने का, अपने काम की महत्ता को समझें आपको सिर्फ अपना काम अच्छे से करना है उससे हम काफी लोगों की मदद कर सकते हैं जो अच्छा कर रहे है हमें उनसे सीखना चाहिए। इस अवसर पर अमर शहीदों के बलिदानों को याद करते हुए शहीद स्मारकों पर माल्यापर्ण कर श्रृद्वा सुमन अर्पित किए गए। वहीं पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने ध्वाजारोहण कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। परेड कमाण्डर नताशा सिंह के नेतृत्व में पुलिस एवं एनसीसी जवानों की टुकडियों ने पुलिस बैंड के साथ मुख्य अतिथि को सलामी दी। कृषि, पशुपालन, ग्राम्य विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला आयुर्वेदिक विभाग जडी बूटी शोध संस्थान, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, शहरी विकास विभाग, डेयरी विभाग की विकासपरक झांकियां भी खासे आकर्षण का केन्द्र रही।

वहीं स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक देशभक्ति कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल, सीडीओ डॉ. ललित नारायण मिश्र, डीएफओ सर्वेश दुबे सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चें व स्थानीय जनता मौजूद रही।

## सम्पादकीय

# रुकेगा दरारों का क्रम

जोशीमठ की प्रातिक परिस्थितियों को लेकर वैज्ञानिकों की ओर से थोड़ी राहत देने वाली बात सामने आई है जिसमें वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने दावा किया है कि जोशीमठ स्थिर होने की ओर है और अब दरारों के बढ़ने की संभावना बहुत कम है। यह दावा जोशीमठ के लोगों को थोड़ी राहत प्रदान करने वाला है लेकिन हकीकत तो यह है कि अभी से कुछ भी आकलन करना ठीक नहीं है एवं अंतिम रूप से इस बारे में तकनीकी संस्थाओं की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जाएगा। सीधे शब्दों में कहें तो वैज्ञानिकों के अनुसार कुछ समय में ही जोशीमठ स्थिर होने की दशा में आ जाएगा, हालांकि अभी भी ठोस परिणाम के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। वैज्ञानिकों के इस दावे के बाद स्थानीय लोगों के साथ ही सरकार भी थोड़ी राहत तो महसूस कर ही रही होगी क्योंकि यहां के लोगों के विस्थापन का काम काफी जटिल है एवं अभी तक पूर्ण तौर पर व्यवस्था बनाने में एक लंबा समय लग सकता है। कहा गया है कि जोशीमठ अब और नहीं बैठेगा और दरारें पड़ने की संभावना भी अब कम ही है। अतीत पर नजर डालें तो भूमि धंसने की यह प्रक्रिया 1976 से ही चली आ रही है लेकिन ऐसी परिस्थितियां पहली बार इस तरह विस्तृत रूप में नजर आई है। स्थानीय लोग भी चाहते हैं कि इस प्रातिक प्रक्रिया से उन्हें निजात मिले एवं भूमि धंसने का यह क्रम अब समाप्त हो। वैज्ञानिकों के इस दावे से थोड़ी आस जगी है लेकिन जो भवन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर जिनके तोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है उन्हें खुद को पुनः स्थापित करने में एक लंबा समय लग सकता है। जोशीमठ में 863 भवनों में दरारें दर्ज की गई हैं, जबकि 181 भवनों को प्रशासन ने पूर्णतया असुरक्षित घोषित किया है।भूमि धंसने के इस क्रम में अब तक करीब 460 जगह जमीन के अंदर 40 से 50 मीटर तक गहरी दरारें मिली हैं, और उम्मीद बनी हुई है कि में भू-धंसाव से प्रभावित 30 फीसदी क्षेत्र अभी भी खतरे की जद में है। जोशीमठ को अभी भी ट्रीटमेंट की जरूरत है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थापित किया जाए। आने वाले समय में यदि दरारें आने का क्रम रुकता है तो यह स्थानीय लोगों के लिए राहत की बात होगी लेकिन राज्य सरकार को हर संभावित परिस्थिति को ध्यान में रखकर ही आगे बढ़ना है और यह तय करना है कि इस प्रातिक प्रक्रिया के कारण प्रभावित हुए लोगों को कैसे विस्थापित किया जाए।

# तो कैसे होगा मुक्त व्यापार?



भारत की अपेक्षा है कि समझौता होने पर भारतीय नागरिकों के लिए ब्रिटेन जाना आसान हो जाएगा। लेकिन ब्रिटेन ने साफ कर दिया है कि उसका ऐसी सुविधा देने का कोई इरादा नहीं है।

ब्रिटेन ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर अब जो अपना रुख जाहिर किया है, उसके बाद उचित ही भारत में यह सवाल उठाया गया है कि आखिर ऐसा समझौता होना ही क्यों चाहिए? ब्रिटेन के रुख से साफ है कि इस समझौते के जरिए वह सिर्फ अपने उत्पादों के लिए भारतीय बाजार में पहुंच को आसान बनाना चाहता है। जबकि भारत की अपेक्षा यह रही है कि यह समझौता होने पर शिक्षा या रोजगार के लिए भारतीय नागरिकों का ब्रिटेन जाना आसान हो जाएगा। लेकिन एक इंटरव्यू में ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री केमीं बेडेनोच ने साफ कर दिया कि ब्रिटेन का भारत को ऐसी सुविधा देने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन इसीलिए यूरोपियन यूनियन से अलग हुआ, क्योंकि वह लोगों का खुलेआम आना-जाना रोकना चाहता था। इसलिए अब यह सुविधा भारत को नहीं दी जा सकती। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि अस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते में शामिल ऐसे प्रावधान को भारत के साथ करार में मडल नहीं बनाया जा सकता।

> बेडेनोच पिछले महीने भारत आई थीं और यहां मुक्त व्यापार समझौते को लेकर उनकी वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से बातचीत हुई थी। साफ है कि उस बातचीत में बात आगे ना बढने के बाद लंदन लौटने पर उन्होंने एक अखबार को इंटरव्यू देकर ब्रिटेन के रुख को सार्वजनिक कर दिया। तो अब प्रश्न यह है कि अगर ब्रिटेन इस बिंदु पर रियायत करने को तैयार नहीं है, तो फिर उससे मुक्त व्यापार समझौता होना ही क्यों चाहिए? ब्रिटेन से पिछले साल उससे 175 बिलियन डलर का व्यापार हुआ था। यानी वह भारत का एक मध्यम दर्जे का ट्रेड पार्टनर है। इसलिए उसे आयात शुल्क में सुविधा देकर भारत को ज्यादा कुछ हासिल नहीं होगा। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जनसन ने पिछले वर्ष दिवाली तक मुक्त व्यापार समझौता करने का लक्ष्य जताया था। वह समयसीमा पहले ही निकल चुकी है।

बेडेनोच पिछले महीने भारत आई थीं और यहां मुक्त व्यापार समझौते को लेकर उनकी वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से बातचीत हुई थी। साफ है कि उस बातचीत में बात आगे ना बढने के बाद लंदन लौटने पर उन्होंने एक अखबार को इंटरव्यू देकर ब्रिटेन के रुख को सार्वजनिक कर दिया। तो अब प्रश्न यह है कि अगर ब्रिटेन इस बिंदु पर रियायत करने को तैयार नहीं है, तो फिर उससे मुक्त व्यापार समझौता होना ही क्यों चाहिए? ब्रिटेन से पिछले साल उससे 175 बिलियन डलर का व्यापार हुआ था। यानी वह भारत का एक मध्यम दर्जे का ट्रेड पार्टनर है। इसलिए उसे आयात शुल्क में सुविधा देकर भारत को ज्यादा कुछ हासिल नहीं होगा। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जनसन ने पिछले वर्ष दिवाली तक मुक्त व्यापार समझौता करने का लक्ष्य जताया था। वह समयसीमा पहले ही निकल चुकी है। स्पष्टतरू ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि ऐसे समझौते में दोनों देशों के हितों का मेल नहीं हो पा रहा है। हालांकि बेडेनोच ने कहा है कि इस वर्ष यह समझौता हो जाएगा, लेकिन भारत के पास क्या अब ऐसी आशा रखने का कोई कारण बचा है?

# हाय-तौबा उचित नहीं

**मूल बात होती है एप्रोच की। क्या नरेन्द्र मोदी सरकार या उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार भारत में अभी तक की सरकारों से तीर्थस्थलों को विकसित करने के मामले में अव्वल है या पीटे? इस एक प्रश्न का उत्तर तलाशने, आपको सारे प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। जब वे स्वयं तीर्थ क्षेत्रों को तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित करने और वहां वो सारी सुविधाएं देने पर काम कर रहे हैं जो सामान्यतरू पहले पर्यटक केंद्र घोषित होने के बाद मिलती थी तो वे वाराणसी और अन्य स्थलों के तीर्थ क्षेत्र की गरिमा को गिराने की कोशिश करेंगे ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता। सच यह है कि लंबे समय से जल यातायात की बात होती थी, लेकिन इस दृष्टि से किसी भी सरकार ने व्यापक योजना बनाकर उसे जमीन पर उतारने का उद्यम नहीं किया जैसा मोदी सरकार ने किया है। 2014 में 5 राष्ट्रीय जलमार्ग थे। आज 24 राज्यों में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग को विकसित किया जा रहा है। जलमार्ग से एक तिहाई लागत घट जाती है। प्रधानमंत्री ने क्रूज और टेंट सिटी के उद्घाटन के साथ बिहार में पटना के दीघा, नकटा दियारा, बाढ, पानापुर और समस्तीपुर के हसनपुर में पांच सामुदायिक घाट की आधारशिला भी रखी। यही नहीं बंगाल में हल्दिया मल्टीमडल टर्मिनल और असम के गुवाहाटी में पूर्वोत्तर के लिए समुद्री कौशल विकास केंद्र का भी लोकार्पण किया।**

**अवधेश कुमार**

भारत ने विश्व के सबसे लंबे रिवर क्रूज यात्रा का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक जाने वाली गंगा विलास को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसके साथ काशी में गंगा पार बने टेंट सिटी का भी उद्घाटन उन्होंने किया। इसे लेकर देश में दो धाराएं फिर दिखाई दे रही है। एक बड़ा वर्ग ऐसे वक्तव्य दे रहा है मानो नदियां भी अब अमीरों के विलास के लिए समर्पित कर दी गई है। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि नाविकों का काम खतरे में पड़ जाएगा। इसे गंगा में भोग विलास को बढ़ावा देने का वाहक तक बताया जा रहा है।

क्या यह गंगा को पर्यटकों के भोग विलास को समर्पित करने वाला कदम है? क्या वाकई इससे नाविकों का काम ठप हो जाएगा? क्या इसकी कोई उपयोगिता नहीं है? बरसों से विशेषज्ञ बताते रहे हैं कि यह जलमार्गों वाला देश रहा है। सड़क और रेल माग से कम खर्च और कम समय में जल मार्गों के द्वारा हर तरह के यातायात का लाभ उठाया जा सकता है। भारत में जल मार्गों का पुराना इतिहास है। प्राचीन इतिहास में आपको उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम अनेक बंदरगाहों की चर्चाएं मिलेंगी। उनके प्रमाण भी है। जिस वृहत्तर भारत के बारे में हम इतिहास में पढ़ते थे उसके पीटे सबसे बड़ी ताकत जलमार्ग ही था, जिससे न केवल व्यापारी, बल्कि हमारे देश के साधु-संत विद्वान और राजाओं की सेनाएं गमन करतीं थीं।

भारत जैसे नदियों के देश में चल यातायात से सुगम साधन कुछ हो ही नहीं सकता। जब आप जल यातायात की योजना बनाते हैं तो फिर उससे जुड़े हुए दूसरे पहलू भी सामने आते हैं। मसलन, आप पर्यटन के लिए बस, रेल चलाते हैं तो नदियों का इस दृष्टि से शानदार उपयोग क्यों नहीं होना चाहिए? हम मानते हैं कि तीर्थस्थलों की पवित्रता उनका सम्मान बचाए रखने के लिए उसे संपूर्ण पर्यटक स्थल में नहीं बदला जाना चाहिए। क्या वाराणसी में गंगा पार बनी टेंट सिटी इस कसौटी पर खरा नहीं उतरती?



मूल बात होती है एप्रोच की। क्या नरेन्द्र मोदी सरकार या उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार भारत में अभी तक की सरकारों से तीर्थस्थलों को विकसित करने के मामले में अव्वल है या पीटे? इस एक प्रश्न का उत्तर तलाशने, आपको सारे प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। जब वे स्वयं तीर्थ क्षेत्रों को तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित करने और वहां वो सारी सुविधाएं देने पर काम कर रहे हैं जो सामान्यतरू पहले पर्यटक केंद्र घोषित होने के बाद मिलती थी तो वे वाराणसी और अन्य स्थलों के तीर्थ क्षेत्र की गरिमा को गिराने की कोशिश करेंगे ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता। सच यह है कि लंबे समय से जल यातायात की बात होती थी, लेकिन इस दृष्टि से किसी भी सरकार ने व्यापक योजना बनाकर उसे जमीन पर उतारने का उद्यम नहीं किया जैसा मोदी सरकार ने किया है। 2014 में 5 राष्ट्रीय जलमार्ग थे। आज 24 राज्यों में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग को विकसित किया जा रहा है। जलमार्ग से एक तिहाई लागत घट जाती है। प्रधानमंत्री ने क्रूज और टेंट सिटी के उद्घाटन के साथ बिहार में पटना के दीघा, नकटा दियारा, बाढ, पानापुर और समस्तीपुर के हसनपुर में पांच सामुदायिक घाट की आधारशिला भी रखी। यही नहीं बंगाल में हल्दिया मल्टीमडल टर्मिनल और असम के गुवाहाटी में पूर्वोत्तर के लिए समुद्री कौशल विकास केंद्र का भी लोकार्पण किया।

उन्होंने कोलकाता के लिए मालवाहक जलयान आरएन टैगोर को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनकी चर्चा नहीं हो रही है। इन सबको साथ मिलाकर विचार करेंगे तो यह भारत के अपने जल संसाधनों के समुचित उपयोग और सड़कों एवं रेलों से बढ़ते यातायात का बोझ कम करने के साथ गंगा पट्टी के विकास की दृष्टि से नये युग की शुरु आत दिखाई देगी। सच यह है कि स्वतंत्रता के बाद एक समय भारत की सभ्यता का केंद्र गंगा घाटी के क्षेत्र विकास में पिछड़ते चले गए। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल की कैसी दशा रही है? क्या छाती पीटने वाले इस सच्चाई को नहीं जानते? उस क्षेत्र को विकसित करना है तो गंगा की उसमें बड़ी भूमिका होगी और यह कदम उस दृष्टि से ऐतिहासिक कहा जाना चाहिए। सरकार ने श्नमामि गंगे और श्अर्थ गंगा अभियान चलाया। अगर प्रधानमंत्री की मानें तो गंगा विलास दोनों अभियानों को नई ताकत देगा। हम भारत में पर्यटकों को आकर्षित करना चाहते हैं तो अपनी संसति, सभ्यता से लेकर वायुमंडल आदि का ध्यान रखते हुए ऐसे अभियानों को प्रोत्साहित करना होगा।

इस ग्रुप में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक यात्रा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में उनको संबोधित करते हुए कहा कि भारत में वह सब है आप जिसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं। यानी इसके द्वारा भारत को दिखाना चाहते हैं, जिसकी तस्वीरें देखने के बाद संपूर्ण दुनिया के पर्यटक यहां आएंगे। दूसरे, नाव से इतनी लंबी यात्रा नहीं कर सकते हैं। क्रूज वाराणसी के इस घाट से उस घाट नहीं ले जाते और न ही यात्रियों को स्नान से लेकर उनके सामान्य भ्रमण में प्रयोग होते हैं। जाहरि है, नाविकों का काम अपनी जगह है और क्रूज की उपयोगिता अपनी जगह। तीसरे, नरेन्द्र मोदी सरकार ने वाराणसी के लिए जो सुविधाएं दी है उसकी भी जानकारी देश को होनी चाहिए। सीएनजी से चलने वाले नाव आपको मिल जाएंगे जो नाविकों को ज्यादातर मुफ्त और बाद में बहुत छोटी किस्तों पर दिया गया है। उसके बेहतर रूप सामने आने वाला है। जहां तक वाराणसी के आध्यात्मिक, संस्तिक, सभ्यतागत चरित्र और मूल्यों का विषय है तो यह मानने का कोई कारण नहीं है कि इन सबसे उस पर कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अगर टेंट सिटी गलत है तो किसी तीर्थस्थल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त होटल व टूरिस्ट पैलेस भी नहीं होना चाहिए। यह बात ठीक है कि 30 हेक्टेयर में बने टेंट सिटी का किराया भी सामान्य आदमी वहन नहीं कर सकता, लेकिन देश और दुनिया के संपन्न लोग कहते रहे हैं कि वाराणसी में उनके ठहरने से लेकर अध्यात्म साधना और अन्य कार्यक्रमों के लायक आकषर्क जगह की कमी है। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि गंगा विलास और टेंट सिटी सभी दृष्टि से आकषर्क, अच्छी और लाभकारी पहल है। आने वाले अनुभव से इनका भविष्य तय होगा। गंगा के यातायात पर्यटन एवं अन्य उपयोग की दृष्टि से या उम्मीद पैदा करने वाली शुरु आत है।

# डक्यूमेंट्री के जाल में फंस गईं पार्टियां



पता नहीं बीबीसी ने किस मकसद से गुजरात दंगों पर डक्यूमेंट्री बनाई थी लेकिन ऐसा लग रहा है कि उससे भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा पूरा हो रहा है। इस साल तेलंगाना में विधानसभा का चुनाव होना है। उससे पहले इस डक्यूमेंट्री के बहाने राज्य में गुजरात दंगों का मुद्दा छिड़ गया है। तमाम रोक के बावजूद सोमवार को हैदराबाद यूनिवर्सिटी में इस डक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया। स्टूडेंट इस्लामिक अर्गेनाइजेशन और मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन ने इसका प्रदर्शन किया। सामूहिक रूप से इन दो संगठनों के छात्रों ने यह डक्यूमेंट्री देखी। इन दोनों समूहों को फ्रेटरनिटी ग्रुप कहा जाता, जिसके 50 ज्यादा छात्र स्क्रीनिंग में शामिल हुए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इसे मुद्दा बनाया है। कहने की जरूरत नहीं है कि गुजरात दंगे का मुद्दा जितना उछलेगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हिंदू हृदय सम्राट वाली छवि उतनी मजबूत होगी।

सोचें, जब खुद केंद्रीय गृह मंत्री ने पिछले दिनों 2002 के दंगों की मिसाल देकर कहा कि सबक सिखा दिया गया था तब ऐसी किसी डक्यूमेंट्री से क्या साबित होने वाला है? यह तो भाजपा के मुद्दे को ही मजबूती देने का मामला हो गया। हैरानी की बात है कि पढ़े लिखे लेकिन राजनीतिक रूप से बिल्कुल नवजात किस्म के छात्र और उनका संगठन इसको मुद्दा बना रहा है। जेएनयू में भी छात्र संघ की ओर से एक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें इस डक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की बात है। जेएनयू प्रशासन की ओर से ऐसा नहीं करने को कहा गया है। ध्यान रहे सरकार ने डक्यूमेंट्री का प्रदर्शन रोक दिया है और सोशल मीडिया में उसे शेयर करने पर भी रोक लगा दी है।

लेकिन कई पार्टियों के नेता इसे मुद्दा बना रहे हैं। जैसे तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन और कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने इसे मुद्दा बनाया।

# चार सौ दिन बनाम 31 सौ दिन!

**हरिशंकर व्यास**

लोकसभा चुनाव में चार सौ दिन बचे हैं, इस बात में यह भी अंतर्निहित है कि बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साढ़े तीन हजार दिन भी पूरे होंगे, जिसमें से अब तक 31 सौ दिन गुजर चुके है। तो सवाल है गुजरे 31 सौ दिनों में क्या हुआ? बतौर प्रधानमंत्री 31 सौ दिन केअपने कार्यकाल में मोदी ने कई संकल्प किए। कई टारगेट फिक्स किए। लेकिन अफसोस की बात जो उनमें से एक भी संकल्प पूरा नहीं हुआ। इसलिए क्योंकि जिस शिद्दत से उन्होंने चुनाव के चार सौ दिन बचे होने की बात कही और वे अबऔर उनकी पार्टी व सरकार जैसे जुटेंगे वैसे कभी भी दूसरे संकल्पों को पूरा करने के लिए नहीं जुटे।

याद करें कैसे नोटबंदी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लोगों से 50 दिन का समय मांगा था। आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी का ऐलान करने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गोवा में एक कार्यक्रम में कहा था- भाइयों, बहनों मैंने देश से सिर्फ 50 दिन मांगे हैं, 50 दिन, 30 दिसंबर तक मौका दीजिए मेरे भाइयों, बहनों अगर 30 दिसंबर के बाद कोई कमी रह जाए, मेरी कोई गलती निकल जाए, मेरा कोई इरादा गलत निकल जाए, आप जिस चौराहे पर मुझे खड़ा करेंगे, मैं खड़ा होकर, देश जो सजा करेगा वह सजा भुगतने को तैयार हूं। उन्होंने इसके साथ यह भी कहा था कि 50 दिन तक आपको परेशानी होगी लेकिन उसके बाद जैसे हिंदुस्तान का सपना आपने देखा है, वैसा हिंदुस्तान आपको देने का वादा करता हूं।अब सोचें, उस संकल्प का क्या हुआ? 50 दिन नहीं, बल्कि 50 महीने से ज्यादा बीत गए लेकिन क्या वैसा हिंदुस्तान मिला है, जैसा लोगों ने सोचा था? क्या काला धन खत्म हो गया, भ्रष्टाचार रूक गया, जाली नोट खत्म हो गए. देश में कैशलेस इकोनमी बन गई, आतंकवादियों और नक्सलियों की कमर टूट गई?

इसी तरह प्रधानमंत्री की ओर से बताए गएदूसरे संकल्पों व टाइमलाइन को देखें,तो तस्वीर और साफ होगी। उन्होंने 2022 को लेकर एक बड़ा लक्ष्य तय किया था। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के पांच साल का कोई लक्ष्य तय नहीं किया, बल्कि सारे लक्ष्य 2022 के तय किए। उन सबको देश की आजादी के अमृत महोत्सव से जोड़ा। उन्होंने बार बार कहा कि देश की आजादी के 75 साल होंगे, तब तक देश बदल चुका होगा। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के लिए कई लक्ष्य तय किए। लेकिन क्या सरकार उन लक्ष्यों को हासिल कर सकी? हकीकत है कि उनमें से एक भी लक्ष्य हासिल नहीं हुआ है। कारण यह है कि सरकार ने उन्हें हासिल करने के लिए उस शिद्दत से काम ही नहीं किया, जिस शिद्दत से चुनाव लडे गए। या चुनाव के लिए अगले चार सौ दिन में काम होगा! पार्टी, सरकार और पूरी मशीनरी जिस अंदाज में चुनाव में लगती है वह अभूतपूर्व होता है लेकिन सरकार के इरादों को हासिल करने के काममें जोश गायब होता है।



यदि ऐसा नहीं होता तो घोषणा-वायदे के मुताबिक आज देश के हर नागरिक के सिर पर अपनी छत होती। प्रधानमंत्री ने 2016 में वादा किया था कि 2022 तक देश के हर नागरिक को उसका घर मिल जाएगा। वह समय सीमा बीत चुकी है और सरकार टारगेट से कोसों दूर है। आज वास्तविकता है कि सिर्फ इस सीजन की ठंड में देश के अलग-अलग हिस्सों में सड़कों पर सोने वाले हजारों लोगों की मौत की खबरें हैं। देश की विशाल आबादी झुग्गियों में रहती है। उनको कब घर मिलेगा यह तय नहीं है लेकिन लाखों लोग बेघर हैं, जिनको रैन बसेरा चाहिए, वह भी सरकार मुहैया नहीं करा पाई है।

इसी तरह 2016 में ही प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि देश के किसानों की आय 2022 तक दोगुनी हो जाएगी। कुछ दिन पहले सरकार के मंत्री ने ऐलान भी किया कि सरकार ने अपना वादा पूरा कर दिया। लेकिन हकीकत यह है कि यदि षि लागत में हुई बढ़ोतरी से हिसाब करें तो किसानों की आय एक चौथाई से ज्यादा नहीं बढ़ी है। इसके अलावा 2022 में बुलेट ट्रेन दौडने वाली थी, भारत माता की किसी संतान को अपने यान से अंतरिक्ष में जाना था, सौ स्मार्ट सिटी बन जाने थे, गंगा की सफाई हो जानी थी लेकिन इनमें से क्या किसी काम का टारगेट पूरा हुआ?

कह सकते हैं सरकारी वादों के साथ ऐसा ही होता है। कई फैक्टर होते हैं, जिनकी वजह से लक्ष्य समय पर पूरा नहीं हो पाता है। जैसे 2022 से पहले दो साल कोरोना महामारी में निकल गए। लेकिन ये बहाने नरेंद्र मोदी की सरकार पर लागू नहीं होते हैं क्योंकि उनका खुद का वादा है कि वे जो कहते हैं वह करके दिखा देते हैं, जबकि पहले की सरकारें सिर्फ कहती थीं। दूसरी बात यह है कि जब कोरोना के बीच सेंट्रल विस्टा का प्रोजेक्ट नहीं रूका, नए संसद भवन का प्रोजेक्ट नहीं रूका, सरकारी एजेंसियों और अदालत से विशेष अनुमति ले कर कोरोना के बीच भी ऐसे प्रोजेक्ट में तीन शिफ्ट में काम होता रहा, सर्दियों में एनवायरमेंटल इमरजेंसी के समय भी इन पर काम नहीं रूका तो वैसे ही बाकी प्रोजेक्टों पर काम क्यों नहीं हुआ? क्या किसी ने प्रधानमंत्री को यह कहते हुए सुना कि सबको घर देने का टारगेट पूरा करने में अब सिर्फ इतने दिन बचे हैं और उतने दिनों में लक्ष्य पूरा करना है?

**देश की आजादी के 75 साल होंगे, तब तक देश बदल चुका होगा। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के लिए कई लक्ष्य तय किए। लेकिन क्या सरकार उन लक्ष्यों को हासिल कर सकी? हकीकत है कि उनमें से एक भी लक्ष्य हासिल नहीं हुआ है। कारण यह है कि सरकार ने उन्हें हासिल करने के लिए उस शिद्दत से काम ही नहीं किया, जिस शिद्दत से चुनाव लडे गए। या चुनाव के लिए अगले चार सौ दिन में काम होगा! पार्टी, सरकार और पूरी मशीनरी जिस अंदाज में चुनाव में लगती है वह अभूतपूर्व होता है लेकिन सरकार के इरादों को हासिल करने के काममें जोश गायब होता है।**

**यदि ऐसा नहीं होता तो घोषणा-वायदे के मुताबिक आज देश के हर नागरिक के सिर पर अपनी छत होती। प्रधानमंत्री ने 2016 में वादा किया था कि 2022 तक देश के हर नागरिक को उसका घर मिल जाएगा। वह समय सीमा बीत चुकी है और सरकार टारगेट से कोसों दूर है। आज वास्तविकता है कि सिर्फ इस सीजन की ठंड में देश के अलग-अलग हिस्सों में सड़कों पर सोने वाले हजारों लोगों की मौत की खबरें हैं।**

# घुटनों को मजबूती देने में मदद कर सकते हैं ये 5 योगासन, रोजाना करें अभ्यास

उम्र और चोट जैसे कई कारणों से हमारे घुटनों को नुकसान पहुंच सकता है। इन समस्याओं से सुरक्षित रहने के लिए घुटनों को मजबूत होना चाहिए। इसके लिए कई लोग तरह-तरह के सप्लीमेंट्स लेते हैं, लेकिन बिना डक्टरी सलाह के सप्लीमेंट्स लेना सही नहीं है। ऐसे में योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। आइए आज पांच ऐसे योगासन जानते हैं, जिनका अभ्यास घुटनों को मजबूती प्रदान करने में मदद कर सकता है।

**त्रिकोणासन को करें दिनचर्या में शामिल**

इसके लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं, फिर अपने दोनों पैरों को जितना हो सके उतना खोलें। इसके बाद अपने दोनों हाथों को कंधों की सीध में फैलाएं और फिर एक हाथ की उंगलियों से उसी तरफ के पैर के अंगूठे को टूने की कोशिश करें। इस मुद्रा में दो-तीन मिनट तक बने रहने के बाद धीरे-धीरे आसन छोड़े, फिर इसी प्रक्रिया को दूसरे हाथ की तरफ से दोहराएं।

**उत्कटासन से मजबूत होंगे घुटने**

उत्कटासन के लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं, फिर अपने हाथों को जमीन के समांतर आगे की ओर सीधा करें या उन्हें आसमान की ओर सीधा उठा लें। इसके बाद धीरे-धीरे अपने घुटनों के सहारे नीचे आएं और कुर्सी का आकार लेकर इसी स्थिति में रुकने की कोशिश करें। इस अवस्था में पीठ को बिल्कुल सीधा रखें और कुछ सेकंड इसी अवस्था में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

**बहुत असरदार आसन है वीरभद्रासन**

वीरभद्रासन के अभ्यास के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पैरों को तीन-चार फीट की दूरी तक फैलाकर खड़े हो जाएं और हाथों को कंधे की सीध में फैला लें। फिर दाएं पैर को 90 डिग्री घुमाएं और शरीर को दाईं तरफ घुमाकर गहरी सांस लेते हुए दाएं घुटने को मोड़ें। थोड़ी देर इसी अवस्था में रहें और फिर धीरे-धीरे वापस प्रारंभिक अवस्था में आ जाएं। इसके बाद इस प्रक्रिया को विपरीत दिशा से दोहराएं।

**रोजाना करें ताड़ासन का अभ्यास**

ताड़ासन के लिए सबसे पहले जमीन पर सावधान मुद्रा में खड़े होकर अपने दोनों हाथों को आसमान की ओर सीधा उठाएं और अपनी उंगलियों को आपस में फंसा लें। अब धीरे-धीरे सांस लेते हुए पंजों के बल खड़े होकर शरीर को ऊपर की ओर खींचने की कोशिश करें। जब शरीर पूरी तरह तन जाए तो इस मुद्रा में कुछ देर बने रहें और सांस लेते रहें। अंत में सांस को धीरे-धीरे छोड़ते हुए पहले वाली अवस्था में आ जाएं।



**सुप्त बद्धकोणासन से होगा फायदा**

सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल लेटकर अपने दोनों हाथों और पैरों को अपनी क्षमतानुसार फैला लें। अब पैरों को घुटनों से मोड़कर अपने दोनों तलवों को आपस में मिला लें। इस दौरान अपनी दोनों आंखों को बंद करके सामान्य गति से सांस लेते रहें। कुछ सेकंड के बाद आसन को धीरे-धीरे छोड़ दें। आप चाहें तो अपनी पीठ के नीचे सपोर्ट के लिए कोई मुलायम तकिया भी रख सकते हैं।

## पटवारियों के वेतन में वृद्धि के लिए पटवारी एसोसिएशन यमुनानगर ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा सरकार द्वारा पटवारियों के वेतन में वृद्धि करने के लिए यमुनानगर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पटवारी एसोसिएशन ने आभार व्यक्त किया। सरकार ने पटवारियों के वेतन को 25,000 से बढ़ाकर 32,100 रुपये कर दिया है। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारियों सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करती है। पटवारियों की वेतन वृद्धि की बहुत पुरानी मांग थी, जिसे सरकार ने पूरा किया है, इसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री के साथ पटवारी एसोसिएशन की बैठक में एसोसिएशन की ओर से पटवारियों के वेतन में वृद्धि की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि 26 जनवरी तक निर्णय करके पटवारियों का पे-स्केल बढ़ाया जाएगा। राज्य सरकार ने 24 जनवरी को ही पटवारियों के वेतन में वृद्धि की अधिसूचना जारी कर दी।

## असम राइफल्स ने 48 किलो गांजा जब्त किया, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम राइफल्स ने असम के करीमगंज जिले में गांजे की एक बड़ी खेप जब्त की है। असम राइफल्स द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, करीमगंज के राताबाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रोंगपुर इलाके से गुरुवार रात जब्ती की गई।

एक अधिकारी ने कहा कि जब्त नशीले पदार्थों का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 19 लाख रु होगा।

असम राइफल्स की राधानगर बटालियन ने उस इलाके में पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया और कम से कम 48 किलो गांजा बरामद किया। एक व्यक्ति तस्करी के आरोप में भी पकड़ा गया है।

## ईडी ने टीडीएस धोखाधड़ी मामले में करीब 70 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने 263 करोड़ रुपए के टीडीएस रिफंड को फर्जी तरीके से जारी करने के मामले में महाराष्ट्र और कर्नाटक में 69,65,99,720 रुपए की 32 अचल और चल संपत्ति कुर्क की है। तानाजी मंडल अधिकारी व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

जांच एजेंसी के अधिकारियों के मुताबिक कुर्क की गई इन संपत्तियों में जमीन, फ्लैट, लग्जरी कारें शामिल हैं, जो भूषण अनंत पाटिल, राजेश शेट्टी, सारिका शेट्टी, ति वर्मा और अन्य के नाम पर हैं।

अधिकारी ने कहा, इससे पहले, विभिन्न संस्थाओं के 33 बैंक खातों में 96,23,47,885 रुपए की शेष राशि और 285 लाख रुपए की नकदी जब्त करने के मामले में पीएमएलए के तहत फ्रीजिंग आदेश भी जारी किए गए थे। ईडी ने सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए के तहत जांच शुरू की।

## चौटजीपीटी को शोध पत्र पर एक लेखक के रूप में श्रेय नहीं दिया जा सकता : स्प्रिंगर नेचर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे बड़े अकादमिक प्रकाशक, स्प्रिंगर नेचर ने कहा है कि चौटजीपीटी जैसे एआई उपकरण पारदर्शी विज्ञान के लिए बड़ा खतरा है। इसमें कहा गया है कि चौटजीपीटी जैसे सफ्टवेयर को प्रकाशित पत्रों में एक लेखक के रूप में श्रेय नहीं दिया जा सकता।

# पीएम से माली ने की 44 दिनों की मजदूरी दिलवाने की मांग

### गणतंत्र दिवस पर मिला था विशेष आमंत्रण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गणतंत्र दिवस की परेड को देखने के लिए दर्शक दीर्घा की पहली लाइन में इस बार कई श्रमिकों को विशेष तौर पर आमंत्रित कर बिठाया गया था। सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण कार्य और इंडिया गेट के आसपास और कर्तव्य पथ के रखरखाव गतिविधियों में लगे कई श्रमिकों और मजदूरों को परेड में भाग लेने के लिए विशेष पास प्रदान किए गए थे। इनमें से एक पेशे से माली सुख नंदन भी थे। सुख नंदन पीएम मोदी (ळंतकमदमत क्मउंदके जव च्ड डवकप) को पास से देखकर काफी खुश तो हुए, लेकिन उन्होंने पीएम से अब एक खास अपील की है।

मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के रहने वाले नंदन से प्रधानमंत्री मोदी ने बाड़े के करीब जाकर हाथ हिलाकर अभिवादन किया था, जिससे वे काफी खुश हैं। 44 वर्षीय माली ने कहा, मैं समारोह का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहा था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे विशेष मेहमानों के बीच चुना जाएगा।ष

माली से जब पूछा गया कि अगर उन्हें पीएम से बात करने का अवसर मिलता तो वे क्या पूछते।

उन्होंने कहा, मेरे आखिरी ठेकेदार ने 44 दिनों के काम के लिए मजदूरी देने से इनकार कर दिया था और मैं अब पीएम मोदी से अनुरोध करूंगा कि वे मुझे मेरी मजदूरी दिलाने में मदद करें। बता दें कि नंदन पिछले दो महीने से इंडिया गेट स्थित बागवानी विभाग में कार्यरत थे। इससे पहले, वह एक ठेकेदार के तौर पर आंध्र भवन में कार्यरत थे।

नंदन अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ इंडिया गेट के पास अस्थायी टेंट में रहते हैं। माली ने कहा कि मेरे पास उपस्थिति रजिस्टर की एक प्रति है जो साबित करती है कि मैं उन 44 दिनों में मौजूद था, इसके बावजूद, ठेकेदार मेरा वेतन देने को तैयार नहीं है। नंदन ने कहा कि मैंने भी अब ठेकेदार का ब्रश कटर वापस करने से इनकार कर दिया है और उसे कहा है कि जब तक वह मेरा बकाया नहीं चुकाएगा, मैं ब्रश कटर वापस नहीं करूंगा।

## सूडान और इथियोपिया मतभेदों को हल करेंगे

**खार्तूम , एजेंसी।** सूडान और इथियोपिया अपने सीमा विवादों के साथ-साथ ग्रैंड इथियोपियन रेनेसां डैम (जीईआरडी) के मुद्दे को संयुक्त तंत्र और सीधी बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमत हो गए हैं। सूडान की ट्रांजिशनल सवरेन काउंसिल के अध्यक्ष अब्देल फत्ताह अल-बुरहान और इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद ने खार्तूम में रिपब्लिकन पैलेस में एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

बयान में कहा गया है कि, अल-बुरहान ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सूडान और इथियोपिया के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।अहमद ने कहा कि जीईआरडी सूडान को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा, बल्कि बिजली के क्षेत्र में इसका लाभ उठाएगा।

# उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में 500 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया



**नई दिल्ली।** 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर उत्तर रेलवे ने भारतीय रेलवे की सभीक्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में प्रथम रैंक प्राप्त की

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने बताया कि 25.01.2023 को बंद हुई नीलामी के पश्चात उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 500.08 करोड़ रुपये के मूल्य की स्क्रैप बिक्री कर समस्त भारतीय रेलवे की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल की है।

इस प्रक्रिया में उत्तर रेलवे ने कम समय लेते हुए 298 नीलामियों में 2826 लटस बेचे। उल्लेखनीय है कि उत्तर रेलवे ने रेलवे बोर्ड के स्क्रैप बिक्री के निधारित लक्ष्य 460 करोड़ रुपए को इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में तीन माह शेष रहते दिसंबर, 2022 में पहले ही हासिल कर लिया है।

उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्थिति प्राप्त करने और इस वित्तीय वर्ष में सर्वकालिक उच्च स्क्रैप बिक्री रिकर्ड स्थापित करने के लिए षमिशन मोड में कार्यरत है।

## भारतीय-अमेरिकियों पर डेंटल प्रैक्टिस फ्राड का आरोप

**न्यूयार्क , एजेंसी।** आठ भारतीय-अमेरिकी नागरिक समेत 12 लोगों पर अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया में दंत चिकित्सा पद्धतियों के एक बहु-राज्यीय नेटवर्क के जरिए एक साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। न्याय विभाग (डीओजे) की एक विज्ञप्ति ने कहा कि आरोपी, मेडिकेड, यूएस इमिग्रेशन अथरिटीज (आईआ-रएस), इंटरनल रेवेन्यू सर्विस और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) को धोखा देने और धोखाधड़ी की आय को प्राप्त करने के एक व्यापक योजना का हिस्सा थे। गिरफ्तार किए गए लोगों पर दंत चिकित्सा पद्धतियों और संबंधित कंपनियों (सवानी समूह) की गतिविधियों में भाग लेने और उन्हें संचालित करने का आरोप है, जो वीजा धोखाधड़ी, स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी, संघीय कर चोरी और धनशोधन में लिप्त हैं।डेंटिस्ट ब्रदर्स 57 वर्षीय भास्कर सवानी और 51 वर्षीय निरंजन सवानी दोनों सवानी ग्रुप के कंट्रोलर थे। तीसरे भाई, 55 वर्षीय अरुण सवानी, सवानी समूह की कंपनियों के मालिक थे और उनका प्रबंधन करते थे। साथ ही समूह के वित्तीय मामलों के लिए जिम्मेदार थे।तीनों भाई यानी भास्कर, निरंजन, और अरुण ने अमेरिकी वर्क वीजा के लिए विदेशी कर्मचारियों की भर्ती करने की साजिश रची और कर्मचारियों के काम एवं जिम्मेदारियों की सही जानकारी को छिपाया।

# पीएम मोदी ने छात्रों को दिया सफलता का गुरुमंत्र, इम्तिहानों में होंगे कारगर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज, 27 जनवरी को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में श्परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान कला उत्सव प्रतियोगिता में लगभग 80 विनर्स और देश भर के 102 छात्र और शिक्षक शामिल हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा मेरी भी परीक्षा है। बच्चे अपनी समस्या बताते हैं। अपनी व्यक्तिगत पीड़ा भी बताते हैं। मोदी ने कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है। मुझे जानकारी होती है कि युवा पीढ़ी क्या चाहती है। युवाओं को सरकार से क्या उम्मीदें हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने अपने सिस्टम से कहा कि इन सभी सवालों को संभालकर रखें ताकि आने वाले 10-15 साल बाद इन पर एनालिसिस किया जा सके। क्योंकि पीढ़ी बदलती जाती है।

पीएम मोदी ने कहा कि पैरेंट्स अपने बच्चों के बारे में बाहर जाकर बड़ी बड़ी बातें कर देते हैं, और फिर बच्चों से वैसी ही उम्मीद करते हैं। ऐसे में क्या हमें इन दवाबों से दबना चाहिए क्या? दिनभर जो कहा जाता है, उसी को सुनते रहेंगे या अपने अंदर झांकेंगे? क्रिकेट में स्टेडियम में लोग चौका, छक्का चिल्लाते रहते है, तो क्या खिलाड़ी पब्लिक की डिमांड पर चौके छक्के लगाता है? खिलाड़ी केवल गेंद पर ध्यान देता है।

छात्र के सवाल का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बचपन में एक कथा सुनाते थे घड़े में पानी था। एक कौआ पानी पीना चाहता था। पानी पीने के लिए कौवे ने ककड़ उठाकर घड़े में डालें। इसे हम हार्डवर्क कहेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग होते हैं जो हार्डवर्क ही करते रहते हैं। कुछ लोग होते हैं जिनके जीवन में हार्डवर्क का नामो निशान नहीं होता है। कुछ लोग होते हैं जो मुश्किल से हार्डवर्क करते हैं और कुछ लोग मुश्किल से स्मार्ट वर्क करते हैं। कौवे ने सिखाया है कि कैसे हार्डवर्क को स्मार्टली करना है।

छात्रों के सवाल पर पीएम मोदी ने कहा कि लोग पहले भी चोरी या नकल करते थे लेकिन टुप टुपकर करते थे। लेकिन अब गर्व से कहते हैं कि सुपरवाइजर को बेवकूफ बना दिया। यह जो बदलाव आया है वह खतरनाक है। दूसरा अनुभव यह है जो स्कूल या ट्यूशन चलाते हैं अभिभावक।

## डोनाल्ड ट्रंप का दावा, यदि राष्ट्रपति होता तो रूस-यूक्रेन संघर्ष 24 घंटे में समाप्त कर देता

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अगर वह अब भी अमेरिका के राष्ट्रपति के पद पर होते, तो 24 घंटे के अंदर रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को बातचीत के माध्यम से समाप्त कर देते। ट्रंप ने कहा, अगर मैं राष्ट्रपति होता, तो रूसध्यूक्रेन युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता, लेकिन बाद में भी मैं 24 घंटे के भीतर इस भयानक और तेजी से बढ़ते युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करने में सक्षम होता। उन्होंने संघर्ष को समाप्त करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के प्रशासन ने यूक्रेन को 31 एम1ए1 अब्राम्स टैंक भेजने का निर्णय लिया है

## एआई पेशाब मामला : अदालत ने शंकर मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई की स्थगित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने शंकर मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी, जिस पर पिछले दिनों न्यूयर्क-दिल्ली एयर इंडिया के एक विमान में नशे की हालत में एक बुजुर्ग महिला सहयात्री पर पेशाब करने का आरोप है। नवंबर, 30 जनवरी तक। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, हरज्योत सिंह भल्ला ने महिला के वकील अंकुर महेंद्रो के यह कहने पर मामले को स्थगित कर दिया कि उन्हें जमानत याचिका की प्रति नहीं सौंपी गई है। आरोपी का प्रतिनिधित्व करते हुए, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने कहा, यदि अदालत इसे स्थगित करने के लिए इच्टुक है तो पया मुझे अंतरिम जमानत दें। यह उचित नहीं है। यह एक कारण नहीं हो सकता कि जांच अधिकारी यहां नहीं है।

## 479 कलाकारों ने भरा गणतंत्र दिवस परेड में रंग, अधिकांश झांकियों का शीर्षक नारी शक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आई विभिन्न झांकियों में से अधिकांश का शीर्षक इस वर्ष श्नारी शक्ति रहा। वंदे भारतम नृत्य प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए 479 कलाकारों ने सांसतिक प्रस्तुतियां देकर गणतंत्र दिवस परेड में रंग भर दिया। सांसतिक कार्यक्रम का विषय 326 महिला नर्तकियों द्वारा प्रस्तुत श्नारी शक्ति रहा, जो 17 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के 153 पुरुष नर्तकों द्वारा समर्थित था। वे पांच तत्वों पृथ्वी, जल, वायु, अंतरिक्ष और अग्नि के माध्यम से श्नारी की शक्ति का चित्रण करते हुए शास्त्रीय, लोक और समकालीन संलयन नृत्य प्रस्तुत करते दिखे। यह दूसरी बार है कि सांसतिक कार्यक्रम के नर्तकों का चयन राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया है।

देश की समृद्ध सांसतिक विरासत, आर्थिक प्रगति और मजबूत आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को दर्शाती तेईस झांकियां राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 17 और विभिन्न मंत्रालयों से छह झांकियां भी कर्तव्य पथ पर आई।

आंध्र प्रदेश ने अपनी झांकी में प्रभाला तीर्थम मकर संक्रांति के दौरान किसानों के त्योहार को दर्शाया। असम ने अपनी झांकी में नायकों और अध्यात्मवाद की भूमि को कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित किया। लद्दाख झांकी वहां के पर्यटन और समग्र संसति पर आधारित रही। उत्तराखंड की झांकी में अल्मोड़ा के निकट स्थित जागेश्वर धाम के मंदिर गढ़वाल कुमाऊं व मानसखंड को दिखाया गया। त्रिपुरा की झांकी में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ त्रिपुरा में पर्यटन और जैविक खेती के माध्यम से सतत आजीविका को दिखाया गया। गुजरात की झांकी भी बेहद खूबसूरत थी, झांकी का मुख गुजरात की पारंपरिक वेशभूषा वाली एक महिला से सुसज्जित था। इसके साथ ही इसमें गुजरात की स्वच्छ हरित ऊर्जा व कुशल गुजरात को दिखाने का प्रयास किया गया।

### भाजपा का राहुल गांधी पर पलटवार, कहा

# सुरक्षा की दृष्टि से नहीं थी कोई कमी, ओछी राजनीति कर रही कांग्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। दरअसल, राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से भारत जोड़ो यात्रा रोक दी। इस दौरान कांग्रेस सांसद ने कहा था कि पुलिस व्यवस्था पूरी तरह धराशायी हो गई है और सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिस वाले कहीं भी नजर नहीं आ रहे थे।

भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी और कांग्रेस के आरोपों का खंडन कर दिया। उन्होंने कहा कि ये आरोप बेतुके हैं। ओछी राजनीति की जा रही है। राहुल गांधी और कांग्रेस द्वारा दिए गए बयानों से स्पष्ट होता है कि उनकी यात्रा सुर्खियों में बनी रहे, इसलिए ऐसे आरोप लगा रहे हैं। क्योंकि सुरक्षा की द्दष्टि से कोई कमी नहीं थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की आदत अनर्गल आरोप लगाने की बन गई है। जो आरोप उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों और कश्मीर पुलिस पर लगाए हैं, ये सारे आरोप अनर्गल है। इससे प्रतीत होता है कि ओछी और घटिया राजनीति की जा रही है।

बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा को कश्मीर घाटी के एंट्री प्वाइंट काजीगुंड के पास रोक दिया गया, क्योंकि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा सुरक्षा में चूक और भीड़ के कुप्रबंधन का आरोप लगाया। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल ने ट्वीट कर आरोप लगाया था कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहा है। इससे सुरक्षा में प्रशासन के अनुचित रवैये का संकेत मिलता है।

भारत जोड़ो यात्रा के तहत राहुल गांधी शुक्रवार को 11 किलोमीटर की पैदल यात्रा करने वाले थे, लेकिन राहुल गांधी महज 500 मीटर ही पैदल चल पाए और यात्रा रोकनी पड़ी थी। इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि आज यात्रा के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो गई। टनल से निकलने के बाद पुलिसकर्मी नहीं दिखे। मेरे सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि हम और नहीं चल सकते। मुझे अपनी यात्रा रोकनी पड़ी, बाकी लोग यात्रा कर रहे थे। भीड़ को काबू करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# प्रतिद्वंद्वी समूहों ने की हैदराबाद विश्वविद्यालय में बीबीसी डॉक्यूमेंट्री व कश्मीर फाइल्स की स्क्रीनिंग

**हैदराबाद (एजेंसी)।** एक हफ्ते से भी कम समय में दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 2002 के गुजरात दंगों पर बनी बीबीसी की विवादास्पद डक्यूमेंट्री हैदराबाद विश्वविद्यालय में छात्रों के एक समूह द्वारा दिखाई गई, जबकि प्रतिद्वंद्वी समूह ने हिंदी फिल्म कश्मीर फाइल्स की स्क्रीनिंग की। बीती देर रात स्क्रीनिंग से केंद्रीय विश्वविद्यालय में तनाव पैदा हो गया।

स्टूडेंट्स फेडरेशन अफ इंडिया (एसएफआई)-एचसीयू ने गणतंत्र दिवस पर डक्यूमेंट्री श्इंडियारू द मोदी च्ेश्चन की स्क्रीनिंग का आयोजन किया।

एसएफआई-एचसीयू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एबीवीपी द्वारा डक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को बाधित करने के प्रयासों को खारिज करने के लिए 400 से अधिक छात्र स्क्रीनिंग के लिए निकले।

बयान में कहा गया है, एसएफआई-एचसीयू छात्र समुदाय को सलाम करता है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और कैंपस लोकतंत्र के लिए खड़े हुए हैं।

एसएफआई कार्यक्रम के जवाब में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा हत्याओं के कारण कश्मीर से हिंदुओं के पलायन पर आधारित श्कश्मीर फाइल्स की स्क्रीनिंग का आयोजन किया। परिसर में फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए उपकरणों की अनुमति नहीं देने पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों के खिलाफ एबीवीपी से जुड़े छात्रों के एक समूह ने मुख्य द्वार पर धरना दिया, तो हल्का तनाव हो गया। एबीवीपी नेताओं ने आरोप लगाया कि जब वे प्रोजेक्टर ला रहे थे, तो सुरक्षा कर्मचारियों ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। वे जानना चाहते थे कि एसएफआई को विश्वविद्यालय परिसर में प्रोजेक्टर और अन्य उपकरण लाने की अनुमति कैसे दी गई।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परिसर में कोई स्क्रीनिंग नहीं करने की अपील के बावजूद दोनों समूह स्क्रीनिंग के लिए आगे बढ़े। यूओएच के रजिस्ट्रार देवेश निगम के अनुसार, डीन-स्टूडेंट्स वेलफेयर ने कानून और व्यवस्था के मुद्दे को देखते हुए छात्र समूहों को किसी भी स्क्रीनिंग का आयोजन नहीं करने की सलाह दी थी। छात्र समूहों से आग्रह किया गया था कि वे अगले सप्ताह से शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के मद्देनजर शांति और शांति बनाए रखें।इससे पहले, 21 जनवरी को एक छात्र समूह ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों की अनुमति के बिना बीबीसी डक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग का आयोजन किया था।फ्रेटरनिटी मूवमेंट नामक एक समूह द्वारा पोस्ट किए जाने के बाद परिसर में एक खुले क्षेत्र में डक्यूमेंट्री देखने वाले कुछ छात्रों के य सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। आयोजकों ने डक्यूमेंट्री सीरीज के पहले भाग की स्क्रीनिंग के लिए प्रोजेक्टर लगाया था। फ्रेटरनिटी मूवमेंट के ट्विटर हैंडल से 21 जनवरी को किए गए एक ट्वीट में कहा गया है।

## त्रिपुरा चुनाव : उम्मीदवारों की सूची तय करने के लिए भाजपा सीईसी की बैठक, पीएम रहेंगे मौजूद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** त्रिपुरा में 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति यहां पार्टी मुख्यालय में बैठक कर रही है। बैठक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पार्टी कार्यालय पहुंचे, जिसकी अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय मंत्री और राज्य सांसद प्रतिमा भौमिक, सीईसी सदस्य ओम माथुर, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सत्यनारायण जटिया, सर्बानंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा और त्रिपुरा चुनाव प्रभारी डा महेश शर्मा भी भाग ले रहे हैं।

# सिसोदिया ने अस्थाई, गेस्ट शिक्षकों को स्थायी करने की मांग की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर स्थाई भर्ती में अस्थाई, गेस्ट शिक्षकों को समाहित करने की मांग की। वीसी को लिखे पत्र में सिसोदिया ने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कलेजों में सहायक प्रोफेसरों के लिए चल रहे साक्षात्कार बेकार रहे हैं। कलेजों के कर्पोरेट जीवन में योगदान और अनुभवी शिक्षकों की कमी से कलेजों में शिक्षण और सीखने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा, हमारा मानना है कि स्थायी भर्ती में अस्थाई शिक्षकों को समाहित किया जाना चाहिए। इनमें से कई शिक्षक दशकों से दिल्ली विश्वविद्यालय के कलेजों में पढ़ा रहे हैं। वे दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे संस्थान की चुनौतियों को समझते हैं और जानते हैं कि विविध भाषाई पृष्ठभूमि और अकादमिक अनुभव वाले देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले छात्रों से कैसे निपटा जाए।

सिसोदिया ने कहा कि कक्षा में पढ़ाने के अनुभव की जगह नहीं ली जा सकती इसलिए इन शिक्षकों को दिल्ली विश्वविद्यालय में जारी रखना जरूरी है।

पत्र में लिखा गया है कि, अध्यादेश 18-4(ए) शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति शासी निकाय द्वारा किए जाने का प्रावधान करता है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : फाइनल में भिड़ेंगी रिबाकिना, सबालेंका



मेलबर्न । कज़ाकस्तान की एलिना रिबाकिना और बेलारूस की एरिना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 में अपने-अपने सेमीफाइनल एकतरफा रूप से जीतकर फाइनल में जगह बना ली।

विंबलडन 2022 की चैंपियन रिबाकिना ने पूर्व विश्व नंबर एक विक्टोरिया अज़ारेंका को एक घंटे 39 मिनट में 7-6(4), 6-3 के सीधे सेटों में हराकर अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनायी। सबालेंका ने रॉड लेवर एरिना पर एक घंटे 33 मिनट में पोलैंड की मैग्डा लिनेट को 7-6(1), 6-2 से शिकस्त देकर करियर के पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में कदम रखा।

पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन का सेमीफाइनल खेल रहीं रिबाकिना अपने शानदार अभियान में पिछले साल की फाइनलिस्ट डेनियल कोलिन्स, विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक और फ्रेंच ओपन 2019 चैंपियन जेलेना ओस्तापेंको को मात दे चुकी थीं।

मेलबर्न में दो बार की चैंपियन अज़ारेंका के खिलाफ भी रिबाकिना ने दमदार शुरुआत की और पहले सेट में 5-3 की बढ़त बना ली। अज़ारेंका ने अच्छी वापसी करते हुए स्कोर 6-6 से बराबर किया, लेकिन रिबाकिना ने टाइब्रेकर में कोई भी गलती किये बिना सेट अपने नाम किया।

दूसरे सेट में रिबाकिना ने 3-1 की बढ़त के साथ दमदार शुरुआत की और अज़ारेंका को ज्यादा मौके दिये बिना 6-3 से सेट और मैच दोनों जीत लिये।

रिबाकिना अब खिताब के लिये सबालेंका से भिड़ेंगी जो लिनेट को लगातार तीसरी शिकस्त सौंपते हुए फाइनल में आ रही हैं।

लिनेट ने पहले सेट में 2-1 की बढ़त लेकर चौथे गेम में भी शानदार आक्रमण किया। उन्होंने कई मजबूत सर्विस कीं, जबकि सबालेंका की अप्रत्याशित गलतियों ने लिनेट का काम आसान किया। सबालेंका ने हालांकि इस गेम में 0-40 से पिछड़ने के बाद संयम का उम्दा प्रदर्शन किया और स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया।

## अर्जेंटीना ने चिली को हॉकी का पाठ पढ़ाया

राउरकेला ,। अर्जेंटीना ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में नौवें से 16वें पायदान के लिये खेले गये मुकाबले में चिली को 8-0 से रौंद डाला।

बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मुकाबले में निकोलस मैको कसेला ने विजेता टीम के लिये दो गोल किये, जबकि डेला टोरे, टोस्कानी लुकास, कैपुरो बॉतिस्ता, कीनन निकोलस, फरेरियो मार्टिन, डोमेने टॉमस ने एक-एक गोल जमाया।

अमेरिका की सबसे सफल टीम ने शुरुआती मिनट से ही मैच को अपनी मुी में रखा, जबकि अपना पहला विश्व कप खेल रही चिली के पास अर्जेंटीना के हमलों का कोई जवाब नहीं था।

अर्जेंटीना ने मुकाबले में पांच पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करते हुए दो को गोल में तब्दील किया, जबकि छह बार उसने फील्ड से आघात किया। मैच में चिली का श्रेष्ठतम प्रदर्शन 43वें मिनट में आया, जब वह अर्जेंटीना के अर्द्ध में प्रवेश करके पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर सका। चिली हालांकि इस पेनल्टी कॉर्नर पर भी अर्जेंटीना का रक्षण भेदने में नाकाम रहा।

# भारत ने जापान को धूल चटाई



राउरकेला । मेज़बान भारत ने क्रॉसओवर मैच में मिली हार को पीछे छोड़ते हुए एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के क्लासिफिकेशन मैच में जापान को 8-0 से रौंद दिया।

बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में अभिषेक (35वां, 43वां) और हरमनप्रीत सिंह (45वां, 58वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये दो गोल किये, जबकि मनदीप सिंह (32वां), विवेक प्रसाद सागर (39वां), मनप्रीत सिंह (58वां मिनट) और सुखजीत सिंह (59वां मिनट) ने एक-एक गोल किया।

भारत अब नौवें से 12वें स्थान के वर्गीकरण मुकाबले में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।विश्व रैंकिंग में 15वें नंबर की टीम जापान ने मुकाबले की मजबूत शुरुआत की और मिडफील्ड में विपक्षी खिलाडि़यों को जकड़ कर भारतीय अर्द्ध में बार-बार जगह बनायी। मैच के 11वें मिनट में भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले भी लेकिन जापान के रक्षा पंक्ति ने गेंद को नेट तक नहीं पहुंचने दिया। राज कुमार पाल ने दो मिनट बाद जापान के गोल पर निशाना लगाया लेकिन गोलकीपर तकाशी योशीकावा को पार नहीं कर सके।

दूसरे चर्टर के शुरू होते ही जापान ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, हालांकि कृष्णा पाठक ने उन्हें स्कोर करने का मौका नहीं दिया। इस चर्टर के शुरुआती पांच मिनटों में जापान की फॉरवर्ड पंक्ति ने भारत को परेशान किया मगर इसके बाद हरमनप्रीत ने गेंद को ज्यादातर अपने कब्जे में रखना शुरू कर दिया।

भारत को इसका लाभ तीसरा चर्टर शुरू होते ही मिला जब मनदीप ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करके मेजबान टीम का खाता खोल दिया। अभिषेक ने तीन मिनट बाद ही फील्ड गोल करके मेजबान टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। दो गोल की आरामदायक बढ़त लेने के बाद भारत ने बुलंद हौसले के साथ जापान के खिलाफ जोरदार प्रहार किये और उसकी रक्षा पंक्ति तहस नहस कर दिया। विवेक ने 39वें मिनट में हरमनप्रीत की सहायता से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि अभिषेक ने तीसरा चर्टर खत्म होने से पहले फील्ड गोल करके भारत की बढ़त 4-0 कर दी।

आखिरी चर्टर के शुरू होते ही हरमनप्रीत ने भी जापानी नेट में गेंद को पहुंचाते हुए मैच का अपना पहला गोल किया। जब मुकाबला खत्म होने में सिर्फ तीन मिनट बचे थे तब मनप्रीत, हरमनप्रीत और सुखजीत ने एक-एक गोल दागकर भारत की जीत के अंतर को विशाल बना दिया।

भारत ने जापान को पुरुष हॉकी में 27वीं बार मात दी है। जापान अब 13वें से 16वें स्थान के वर्गीकरण मुकाबले में मलेशिया का सामना करेगा।

# सानिया मिर्जा का सपना टूटा, अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम में मिश्रित युगल के फाइनल में हारीं



मेलबर्न । सानिया मिर्जा को अपने आखिरी ग्रैंडस्लैम में हार का सामना करना पड़ा है। मिश्रित युगल के फाइनल में सानिया और रोहन बोपन्ना की जोड़ी 6-7, 6-2 के अंतर से हार गई। सानिया ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि यह उनका आखिरी ग्रैंड स्लैम होगा। इसके बाद वह महिला युगल में दूसरे दौर में ही हारकर बाहर हो गईं थीं और मिश्रित युगल में फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के साथ ही सानिया का विजयी विदाई लेने का सपना टूट गया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिश्रित युगल के फाइनल में ब्राजील की लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस की जोड़ी ने सानिया और रोहन को 6-7, 2-6 के अंतर से हराया।

सानिया मिर्जा ने अपने करियर में तीन महिला युगल ग्रैंड स्लैम और तीन मिश्रित युगल खिताब जीते हैं। जबकि बोपन्ना ने एक मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है। सानिया और बोपन्ना की गैर-वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 के सेमीफाइनल में देसिरा क्रॉजिक और नील स्कूपस्की को 7-6(5), 6-7(5), 10-6 से हराया था। इस जोड़ी को चर्टर फाइनल मैच में वाकओवर मिला था।

चर्टर फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय जोड़ी ने उरुग्वे और जापानी जोड़ी एरियल बेहार और मकाटो निनोमिया को 6-4, 7-6 (11-9) से हराया था।

# डेवोन कॉनवे ने केवल 31 गेंदों में जड़ा अर्धशतक, विराट कोहली के बाद बने ऐसे दूसरे बल्लेबाज



नई दिल्ली, न्यूजीलैंड के ओपनर डेवोन कॉनवे ने शुक्रवार को भारत के खिलाफ रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टी20 इंटरनेशनल में शानदार अर्धशतक जमाया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 31 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से अपना 9वां टी20 इंटरनेशनल अर्धशतक जमाया।

डेवोन कॉनवे ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में शतक जमाया था और उसी लय को रांची में बरकरार रखा। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारतीय गेंदबाजों का डटकर मुकाबला किया और मैदान के चारों कोनों में शॉट खेलकर बाउंड्री जमाई। कॉनवे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बाद दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं, जिनकी टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में 50 की औसत है। यहां कम से कम 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात की गई है।

विराट कोहली और डेवोन कॉनवे दुनिया के दो ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनकी टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में 50 की औसत है। कॉनवे और डैरिल मिचेल (59*) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 175 रन बनाए। कॉनवे की पारी का अंत अर्शदीप सिंह ने किया। दीपक हुड्डा ने कॉनवे का कैच पकड़ा था।

बता दें कि भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने तेज शुरुआत करके जल्दी-जल्दी दो विकेट गवाएं। वॉशिंगटन सुंदर ने एक ही ओवर में फिन एलेन (35) और मार्क चैपमैन (0) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद कॉनवे ने ग्लेन फिलिप्स (17) के साथ मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की।

# फिल्मी सफर

## सिद्धार्थ आनंद की अगली पैन इंडिया फिल्म में प्रभास के बाद ऋतिक की एंट्री!

प्रभास जल्द ही बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की अगली फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। अब जो खबर आ रही है, उससे प्रशंसक फूले नहीं समाएंगे। दरअसल, इस फिल्म में ऋतिक रोशन भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा सकते हैं। अब जिस फिल्म में प्रभास और ऋतिक जैसे दो सुपरस्टार्स साथ होंगे, उसे लेकर उत्साहित होना तो बनता है।

रिपोर्टों के मुताबिक, फिल्म में प्रभास का नाम पहले ही तय हो गया था और दूसरी भूमिका के लिए ऋतिक से बातचीत हो गई है। सिद्धार्थ ने फिल्म में ऋतिक को कास्ट कर लिया है। प्रभास और ऋतिक को फिल्म में लेने का फैसला इसलिए किया गया है, क्योंकि जहां प्रभास की साउथ में तगड़ी फैन फॉलोइंग है, वहीं बॉलीवुड में ऋतिक की तूती बोलती है। ऐसे में निर्माता-निर्देशक इन दोनों सितारों का स्टारडम फिल्म में भुनाना चाहते हैं।

प्रभास की सिद्धार्थ के साथ यह पहली फिल्म होगी, जबकि ऋतिक उनके साथ तीसरी बार काम करेंगे। उन्होंने सबसे पहले सिद्धार्थ संग फिल्म वॉर में काम किया था, जो सुपरहिट थी। इसमें ऋतिक के साथ पहली बार टाइगर श्रॉफ दिखे थे। सिद्धार्थ के साथ ऋतिक इन दिनों फिल्म फाइटर में काम कर रहे हैं, जिसमें पहली बार उनकी जोड़ी दीपिका पादुकोण के साथ बनी है। अब अगर बात बन जाती है तो ऋतिक को तीसरी बार सिद्धार्थ का साथ मिलेगा।



सिद्धार्थ एक जाने-माने डायरेक्टर, स्क्रीन राइटर और प्रोड्यूसर हैं। वह बैंग बैंग और वॉर जैसी सुपरहिट एक्शन थ्रिलर फिल्मों के निर्देशक रहे हैं। सिद्धार्थ हम तुम, सलाम नमस्ते, बचना ए हसीनों और अंजाना अंजानी जैसी बेहतरीन रोमांटिक फिल्मों से भी बतौर निर्देशक जुड़ चुके हैं।

यह फिल्म मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही है, जो अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा सीरीज बना रही है। फिल्म मूल रूप से हिंदी और तेलुगु में बनने की संभावना है। इसे तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी डब करने की योजना है। यह प्रभास और ऋतिक की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म होगी। इसे शुरू करने से पहले सिद्धार्थ और ऋतिक फा-इटर का काम पूरा करेंगे, वहीं प्रभास भी इस बीच अपनी निर्माणाधीन फिल्में पूरी करेंगे।

ऋतिक जल्द ही फिल्म फाइटर में दिखेंगे। यह भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म है। फिल्म में अनिल कपूर भी एक खास भूमिका निभाने वाले हैं। यह फिल्म अगले साल 25 जनवरी को रिलीज होगी। ऋतिक कृष 4 में भी नजर आएंगे। दूसरी तरफ आदिपुरुष प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। वह फिल्म सालार लेकर आ रहे हैं।नाग अश्विन की फिल्म प्रोजेक्ट के और स्पिरिट नाम की एक पैन इंडिया फिल्म भी प्रभास के खाते से जुड़ी है।

## किसी का भाई किसी की जान का टीजर रिलीज, धांसू अवतार में दिखे सलमान

जहां एक तरफ पठान चर्चा में है, वहीं सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान भी कम सुर्खियों में नहीं है। इस फिल्म का इंतजार प्रशंसक लंबे समय से कर रहे हैं। यह वही फिल्म है, जिसका नाम पहले कभी ईद कभी दिवाली रखा गया था। सलमान के प्रशंसकों को उनकी इस फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है। सलमान ने खुद टीजर सोशल मीडिया पर साझा किया है।



सलमान ने इंस्टाग्राम पर मसालेदार टीजर शेयर कर लिखा, सही का होगा सही, गलत का होगा गलत। टीजर में सलमान का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है। एक तरफ वह अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ इश्क लड़ा रहे हैं तो दूसरी तरफ गुंडों की जमकर धुनाई करते दिख रहे हैं। टीजर में वो सबकुछ है, जो प्रशंसकों को सलमान की फिल्मों में चाहिए होता है। इसमें वह ताबड़तोड़ एक्शन के साथ खतरनाक स्टंट करते दिख रहे हैं।24 जनवरी को सलमान ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर जानकारी दी थी कि किसी का भाई किसी की जान का सिनेमाघरों में रिलीज होगा। ऐसे में शाहरुख खान की फिल्म पठान की रिलीज के साथ ही किसी का भाई किसी की जान का टीजर सामने आया। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद यह टीजर ऑनलाइन लीक भी हो गया था।

## ध्रुव तारा में नारायणी शास्त्री की एक स्वाभिमानी और बहादुर रानी की भूमिका



क्योंकि सास भी कभी बहू थी फेम नारायणी शास्त्री नए शो ध्रुव तारा-समय सदी से परे में ईशान धवन और रिया शर्मा के साथ मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। नारायणी, जो 17वीं सदी की रानी कनुप्रिया की भूमिका निभाएंगी, ने कहा, मुझे उद्योग में काम करते हुए दो दशक से अधिक समय हो गया है, और मैंने कई भूमिकाएं निभाई हैं। इस शो में, मैं निभाऊंगी रानी कनुप्रिया की भूमिका, जो एक सुंदर, बहादुर और विचारशील रानी है।44 वर्षीय अभिनेत्री को पिया का घर, नमक हराम, रिश्तों का चक्रव्यूह, आपकी नजरों ने समझा सहित अन्य में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने आगे अपने चरित्र के लक्षणों के बारे में बात की और बताया कि कैसे शो की अवधारणा अलग और पेचीदा है। अपने चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे कहानी अलग लगी और इसे पर्दे पर खूबसूरती से चित्रित किया जा सकता है। ध्रुव तारा की अवधारणा एकदम अलग है। मैं इस तरह के एक अद्भुत शो का हिस्सा बनकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं।ध्रुव तारा एक रोमांटिक ड्रामा है, जो ध्रुव और तारा के इर्द-गिर्द घूमता है, जो दो अलग-अलग युगों से हैं। तारा, 17वीं शताब्दी की एक राजकुमारी, समय के माध्यम से यात्रा करती है और वर्तमान समय में पहुंचती है, जहां वह ध्रुव से मिलती है।ध्रुव तारा जल्द ही सोनी सब पर प्रसारित होगा।

## करिश्मा कपूर की ब्राउन बनी बर्लिन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा

इन दिनों कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह चर्चा में हैं। एक तरफ जहां कई प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कार कतार में हैं तो वहीं कई फिल्म फेस्टिवल भी चर्चा में हैं। बर्लिन फिल्म फेस्टिवल 2023 को लेकर भारतीय प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर आई है। इस फेस्टिवल के खास सेक्शन बर्लिनेल सीरीज मार्केट में करिश्मा कपूर की वेब सीरीज ब्राउन और और बर्लिनेल सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा की दहाड़ को चयनित किया गया है।

करिश्मा कपूर की ब्राउन को बर्लिनेल सीरीज मार्केट के लिए चयनित किया गया है। ब्राउन को अलग-अलग देशों से आए 16 सीरीज में जगह मिली है। बर्लिनेल सीरीज मार्केट में अच्छी व्यावसायिक क्षमता रखने वाली खास सीरीज को चुना जाता है। यह बर्लिन फिल्म फेस्टिवल के बर्लिनेल सीरीज का हिस्सा है। ब्राउन को डेल्ही बेली के निर्देशक अभिनय देव ने निर्देशित किया है। इस सीरीज में असुरक्षा, नशा, डिप्रेशन जैसे मुद्दों को दिखाया गया है।



कुछ दिन पहले फेस्टिवल के बर्लिनेल सीरीज में दिखाई जाने के लिए चुनी गईं वेब सीरीज की घोषणा हुई थी। इसमें सोनाक्षी सिन्हा की दहाड़ को शामिल किया गया है। फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट की दहाड़ का निर्देशन रीमा कागटी और रुचिका ओबेरॉय ने किया है। यह आठ एपिसोड की क्राइम ड्रामा सीरीज है जिसमें सोनाक्षी, विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसमें सोनाक्षी एक इंस्पेक्टर की भूमिका में दिखाई देंगी।

बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में बर्लिनेल सीरीज की शुरुआत 2015 में हुई थी। इसमें आने वाली वेब सीरीज के एक्सक्लुसिव फर्स्ट लुक दिखाए जाते हैं। इसके लिए अलग-अलग परिपेक्ष्य में बनी वेब सीरीज को चुना जाता है। फेस्विटल की वेबसाइट के अनुसार इस बार पहला बर्लिनेल सीरीज पुरस्कार भी दिया जाएगा। एक अंतरराष्ट्रीय जूरी इसके विजेता का चयन करेगी। ऐसे में भारतीय प्रशंसक दहाड़ के इतिहास रचने की उम्मीद कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इस बार बर्लिन फिल्म फेस्टिवल के रेटरोस्पेक्टिव सेक्शन में सत्यजीत रे की अपराजितो की स्क्रीनिंग की जाएगी। फिल्ममेकर प्रिया सेन की नो स्ट्रेंजर्स ऐट ऑल भी इस महोत्सव में दिखाई जाएगी। सेन की यह फिल्म लॉकडाउन के वक्त दिल्ली के हालात पर आधारित है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com